दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। मंगलवार 22 अक्टूबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 300 पेज-13 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## यूपी उपचुनाव: करहल से तेज प्रताप यादव ने किया नामांकन



**लखनऊ।** उत्तर-प्रदेश में उपचुनाव को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। उपचुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने कमर कस ली है। इस बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की मौजूदगी में मैनपुरी कलेक्ट्रेट में करहल विधानसभा उपचुनाव के लिए सपा पार्टी के प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और मैनपुरी से पार्टी की सांसद डिंपल यादव तथा अन्य नेताओं के साथ जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचे यादव ने निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी को पर्चा देते हुए सपा उम्मीदवार ने नामांकन कराया। इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रो. रामगोपाल यादव, शिवपाल यादव, सांसद डिम्पल यादव मौजूद रहीं।

### तेज प्रताप सिंह यादव ने नामांकन पत्र किया दाखिल

आपको बता दें कि करहल विधानसभा सीट से नामांकन कराने के साथ आज (21 अक्टूबर) को सपा ने प्रदेश की नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव में अपना पहला नामांकन कराने की शुरूआत की। इस मौके पर अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि बीजेपी ने अपने मनमर्जी के अधिकारी रखे हैं। बीजेपी किसी को न्याय नहीं दे सकती। बहराइच में बीजेपी ने जानबूझ कर दंगा कराया। चुनावी फायदे के लिए दंगा करवाया गया।

### अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा उपचुनाव में करहल सीट से किसको उतारे इसे लेकर परेशान है। भाजपा पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) से घबराई हुई है। ढळ्अ परिवार के लोग सबसे भेदभाव के शिकार हुए हैं। बटोगे तो कटोगे वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर अखिलेश ने कहा कि ये ढळ्अ (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) और सपा को लेकर यह बात कह रहे हैं। एक हो जाओ और चुनाव में भारी मतों से समाजवादियों को विजयी बनाओ।

जानकारी के अनुसार करहल सीट, सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद चुने जाने के बाद उनके विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिये जाने के कारण रिक्त हो गई है। इस पर उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा। मैनपुरी से पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव ने संवाददाताओं से कहा कि करहल के लोगों से उनका गहरा रिश्ता है और वे उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे। जनता ने मन बना लिया है और इस सीट से समाजवादी पार्टी भारी मतों से जीतेगी।

## भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

### कहा- भारत के साथ अटूट रहेगी दोस्त



**नई दिल्ली।** भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ दिल्ली में हाइड्रोजन बस में यात्रा की। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हमारी दोस्ती अटूट रहेगी। हम इस दोस्ती को और मजबूत बनाएंगे।

भारत की यात्रा पर आए भूटान के पीएम दोशा शेरिंग तोबगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर मुझे हमेशा खुशी होती है। भारत सरकार और भारत के लोगों की सद्भावना और दृढ़ सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। भारत के साथ हमारी दोस्ती अटूट रहेगी। हम इस दोस्ती को और मजबूत बनाएंगे।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान को भारत का बहुत खास मित्र बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दोनों देशों के बीच सहयोग और भी बेहतर होगा। एक्स पर पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से दिल्ली में मिलकर प्रसन्नता हुई। भूटान भारत का बहुत खास मित्र है और आने वाले समय में हमारा सहयोग और भी बेहतर होता रहेगा। वहीं भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ दिल्ली में हाइड्रोजन बस में यात्रा की। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि खुशी है कि भूटान के पीएम बस की शोभा बढ़ा रहे हैं। उनकी मौजूदगी से हरित हाइड्रोजन संदेश को फैलाने में मदद मिलेगी। इन 15 बसों से हम विस्तार करना चाहते हैं।

बस में यात्रा के बाद भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने कहा कि मैंने बस यात्रा का आनंद लिया। मुझे केंद्रीय मंत्री ने अद्भुत वाहन से परिचित कराया। खास बात यह है कि बस कई सारे लोगों को ले जा सकती है। जबकि यह पानी के अलावा कुछ भी वेस्ट नहीं करती है। पानी को भी अपशिष्ट उत्पाद नहीं कहा जा सकता है।

भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं भारत में पला-बढ़ा हूं। मैं 5 से 16 साल की उम्र तक भारत के एक बोर्डिंग स्कूल में रहा। अगर मैं अच्छा निकला हूं तो आप जानते हैं कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। मेरे पास स्कूल की सबसे अच्छी यादें हैं। भारत और भूटान बहुत मजबूत हैं।

## पति की लंबी आयु की कामना के साथ सुहागिनों ने मनाया करवाचौथ का पर्व



मधु भाटी



विजय प्रशांत संग शीतल देवी



वरुण संग आरोही



राहुल पंडित संग शशि शर्मा



मिग्सन, सेक्टर 14 की महिलाएं ग्रुप में करवा चौथ का पर्व मनाते हुए



शिल्पी संग यशवंत साहू



अनिरुद्ध सिंह चौहान

## आज हो जाएगा एस या एम में से कोई एक नाम फाइनल!

### आज किसी भी समय हो सकती है भाजपा उम्मीदवार की घोषणा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा उपचुनाव भाजपा की लगातार दूसरी बार की जीती हुई सीट है। यहां के विधायक का प्रमोशन हुआ है। वो तीन लाख से भी ज्यादा वोटों से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंच गए हैं। अब उनकी रिक्त सीट पर विधानसभा का उपचुनाव होना है। चुनावी बेला है और दावेदारी का सबसे बड़ा मेला भाजपा में लगा है।





दावेदारी का ट्विस्ट ये रहा है कि 56 नामों से शॉर्ट लिस्ट होते -होते पहले छह नाम आए जिनमें क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया, पूर्व मेयर आशा शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष अशोक मोंगा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल और सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल का नाम चल रहा था। सूत्र बताते हैं कि अब ये पेंच तीन नामों पर आ गया है और अभी भी सीन में सस्पेंस बना हुआ है।

करंट क्राइम पहले से ही एसएमएस की बात कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि गेम अब और रोचक हो गया है। नामों की लिस्ट में एक बड़ा ट्विस्ट आ गया है क्योंकि एमएमएस में से एक एस एच हो गया है। यानी एक एस हवा हो गया है और अब चुनावी हवा केवल एस और एम के बीच बची है। विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि आज एस या एम में से कोई एक नाम फाइनल हो जायेगा। सूत्रों की मानें तो प्रबल संभावना एस के नाम पर है लेकिन इस जंग में कहीं से कहीं तक एम भी कमजोर नहीं है।

25 अक्टूबर को नामांकन होना है और आज दिन में किसी भी समय भाजपा उम्मीदवार के नाम की घोषणा हो जाएगी। बहरहाल अब उम्मीदवारी का गेम बेहद रोचक स्टेज पर आ गया है। सभी बेसब्री से उम्मीदवार के नाम घोषित होने का इंतजार कर रहे हैं। दावेदारी में कई नाम थे, लेकिन अब फाइनल मुकाबला एस और एम के बीच बताया जा रहा है। जो भी नाम होगा वो आज यानी मंगलवार को सामने आ जाएगा।

## तीन दिन में नहीं हुआ अब तक कोई नामांकन


### बिक चुके हैं 13 नामांकन पत्र, सोमवार को बिके दो नामांकन पत्र


**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद विधानसभा-56 सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। बीते तीन दिनों में अब तक कुल 13 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है। हालांकि अभी तक किसी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। वहीं सोमवार को भी नामांकन स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सूचना विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक कुल 13 नामांकन पत्र खरीदे जा चुके हैं। बता दें कि विधानसभा उपचुनाव गाजियाबाद-56 सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक जारी रहेगी। अब नामांकन प्रक्रिया के केवल तीन दिन ही शेष बचे हैं।

### भाजपा और गठबंधन प्रत्याशियों की घोषणा का है इंतजार

करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा-56 सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर अब सबकी नजरे भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी कौन होगा और गठबंधन के रूप में कौन सा फेस इलेक्शन के मैदान में आएगा, इसको लेकर जमी हुई है। वहीं गाजियाबाद में चर्चा बनी हुई है कि भाजपा और गठबंधन प्रत्याशी का जिस दिन नामांकन होगा, उसी दिन जिला मुख्यालय और नामांकन स्थल पर भीड़भाड़ और शक्ति प्रदर्शन वाली स्थिति बन सकती है।

### सोमवार को दो चेहरों ने खरीदे नामांकन पत्र





करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के लिए विधानसभा सीट-56 पर सोमवार को धर्मेंद्र सिंह पुत्र रमेश चंद्र सिंह पार्टी राष्ट्रीय जनलोक पार्टी एवं मिथुन जायसवाल पुत्र मोहनलाल निर्दलीय द्वारा नामांकन पत्र खरीदे गए हैं। 21 अक्टूबर तक कुल 13 नामांकन पत्र खरीदने जाने की जानकारी मिली है। नामांकन के पहले दिन 6, दूसरे दिन पांच और तीसरे दिन दो नामांकन पत्र कुल मिलाकर अब तक 13 नामांकन पत्रों की बिक्री ही की गई है।



### नामाकंन स्थल पर सुरक्षा का रहा कड़ा पहरा



करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव-56 सीट के लिए नामांकन का कार्यक्रम बीते तीन दिनों से चल रहा है। सोमवार को भी यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा की जांच करने के लिए खुद एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव यहां का निरीक्षण करने पहुंचे थे। साथ ही यहां सुरक्षा और अन्य व्यवस्था की जिम्मेदारी एसीपी अंडर ट्रेनिंग अंबुज यादव और एसीपी रवींद्र वर्मा के साथ ही पुलिस बल तैनात रहा।

## सपा और कांग्रेस के बीच फंस गया उम्मीदवारी वाला पेंच

### कौन सी पार्टी से आएगा उम्मीदवार सामने आया ये नया क्लेश





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी दोस्ती स्थायी नहीं मानी जाती है और कई बार चुनाव से शुरू होकर चुनाव पर ही खत्म हो जाती है। लोकसभा चुनावों के नतीजों के बाद कांग्रेस और सपा दोनों ही उत्साहित हैं। दोनों की सीटों में इजाफा हुआ है और भविष्य की नई संभावनाएं भी बन रही हैं। लेकिन यूपी विधानसभा में गठबंधन का ऊंट किस करवट बैठेगा ये अभी तय नहीं हो पा रहा है।

हालांकि दोनों नेता इस बात पर जोर दे रहे हैं कि गठबंधन कायम रहेगा और गठबंधन से उम्मीदवार आयेगा, लेकिन गठबंधन की कौन सी पार्टी से उम्मीदवार आएगा ये नहीं बताया जा रहा है। जब भी इस सवाल को पूछा जाता है तो दोनों ही दलों के अध्यक्ष इसे अपने-अपने हाईकमान पर टाल देते हैं। फिलहाल गाजियाबाद वाली विधानसभा उपचुनाव सीट में उम्मीदवारी वाला पेंच फंस गया बताते हैं।

अभी तक ये चर्चा थी कि सपा और कांग्रेस गठबंधन से चुनाव लड़ेंगे और चुनावी दोस्ती में ये तय हुआ था कि तीन सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी और सात सीटों पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार आएंगे। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद सीट कांग्रेस के खाते में रखी गई थी, लेकिन सुबह के अखबारों में जब ये खबर आई कि समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ेगी और कांग्रेस ने ये कहा कि सपा अगर सब सीटों पर अपने उम्मीदवार लड़ाना चाहे तो हमारा समर्थन है। बस यहीं से गाजियाबाद की शहर सीट का पेंच फंसा है।





सूत्र बताते हैं कि इस खबर के बाद गाजियाबाद शहर सीट पर सपा और कांग्रेस के बीच उम्मीदवारी का पेंच फंस गया है। यहां कौन सी पार्टी से उम्मीदवार उतरेगा ये एक नया क्लेश हो गया है। क्योंकि फैसला हाईकमान को लेना है और दावेदारी का नया घमासान समाजवादी में शुरू हो गया है। जुबान से कोई नहीं बोल रहा, लेकिन तैयारी सब की शुरू हो गई है।

### गाजियाबाद में साइकिल और हाथ के सिंबल के हैं अलग-अलग मायने

गाजियाबाद की बात करें तो यहां समाजवादी पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ने में और कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ने के अलग-अलग मायने हैं। समय के साथ रफ्तार बदल रही है। कभी समाजवादी पार्टी यहां मेयर चुनाव में रनरअप रही और दो बार से ऐसा हो गया कि समाजवादी पार्टी दूसरे से चौथे स्थान पर आ गई। कांग्रेस यहां भाजपा को चुनौती देती नजर आती है। ऐसे में दोनों ही दलों के पास अपना-अपना सियासी आधार है। दोनों दलों के पास अपना वोट बैंक है। लेकिन दोनों दलों के सभासद ये मानते हैं कि यहां सिंबल के मायने हैं और यहां कांग्रेस का सिंबल एक अलग अर्थ रखता है और सपा का सिंबल अलग अर्थ रखता है।

### एक्सचेंज फॉर्मूले पर भी आ सकता है गठबंधन का उम्मीदवार

गठबंधन चुनाव को लेकर पेंच फंसा है और अब ये तय होना है कि फेस कौन से दल का आयेगा और सिंबल कौन से दल का होगा। गाजियाबाद की राजनीति में ये नई बात नहीं है। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है जब सपा और बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ें। सपा ने अपने ही पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी को टिकट दिया और पर्चा भरने से पहले ही सिंबल ले लिया। इसके बाद गठबंधन में ये हुआ कि बसपा के पूर्व विधायक सुरेश बंसल को सपा में लाया गया। उन्हें सपा के सिंबल पर उम्मीदवार बनाया गया और बसपा ने अपने ही पूर्व विधायक को सपा वाले सिंबल पर चुनाव लड़वाया। बसपा के सिकंदर यादव सपा में गए और सपा ने उन्हें चुनाव लड़वाया और अब सपा से बसपा में पीएन गर्ग आए हैं। बसपा उन्हें चुनाव लड़ा रही है। ऐसे में इस बात की भी संभावनाएं लगाई जा रही हैं कि यहां एक्सचेंज फॉर्मूला लागू हो सकता है। सिंबल कांग्रेस का हो चेहरा सपा से आ जाए। या ये भी हो सकता है कि सपा अपना सिंबल लेकर आए और कांग्रेस का कोई चेहरा उम्मीदवार बनकर आ जाए।

### हमारा गठबंधन बरकरार, पार्टी के फैसले का इंतजार: फैसल हुसैन



समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने गठबंधन की उम्मीदें कायम रखी हैं। करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन बरकरार है। सपा और कांग्रेस गठबंधन पर ही चुनावी तैयारी कर रहे हैं। सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा कि हम अपनी पार्टी के हाईकमान के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। जो भी निर्णय हाईकमान का आएगा संगठन उसी के अनुरूप काम करेगा।

### जो भी उम्मीदवार पार्टी बनाएगी उसे लड़ाएंगे चुनाव: विजय चौधरी



कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि हमने शहर सीट उपचुनाव के लिये पूरी तैयारी की है। हमने वोट प्रभारी भी बनाए हैं। संगठन की उम्मीदों को लेकर विजय चौधरी ने कहा कि पार्टी जो भी फैसला लेगी वह मंजूर होगा। अभी तक संगठन के किसी पदाधिकारी का कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। विजय चौधरी ने कहा कि इस संबंध में पार्टी हाईकमान को ही फैसला लेना है। हम पार्टी के आदेशों का पालन करेंगे। जो भी उम्मीदवार हाईकमान घोषित करेगा हम उसे पूरी मजबूरी से चुनाव लड़ाएंगे।

### आज हो जाएगा सीन पूरी तरह स्पष्ट, गठबंधन करेगा किसे उम्मीदवार घोषित

चुनाव मिलकर लड़ाएंगे या अपने-अपने उम्मीदवार लाएंगे, ये आज तय हो जाएगा। सूत्र बताते हैं आज दोनों दलों के नेताओं के बीच वार्ता होगी और उसके बाद उम्मीदवारी के बादल छंट जाएंगे। ये पता चल जाएगा कि सिंबल कौन सा दल लेकर आएगा और उम्मीदवार के नाम पर भी सहमति बन जाएगी। फॉर्मूला तय हो जायेगा।

# उपचुनाव की तैयारियों को लेकर गहन चर्चा-वार्ता का दौर बदस्तूर जारी

## टिकट किसी को भी मिले, हमें कमल को जिताना है




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने शहर विधानसभा में उपचुनाव के तैयारियों को लेकर गहन चर्चा वार्ता का दौर बदस्तूर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के साथ संगठनात्मक पहलुओं के दृष्टिकोण से अनवरत जारी है। इस कड़ी में प्रदेश के महामंत्री एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी सुभाष यदुवंश ने गाजियाबाद नेहरू नगर स्थित महानगर कार्यालय पर पहुंचकर शहर विधानसभा के सभी प्रवासी प्रभारी कार्यकर्ताओं के साथ आवश्यक बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने सभी प्रवासियों, प्रभारियों और मंडल अध्यक्ष से वार्ता कर यथास्थिति का पूर्ण ब्यौरा लिया और कहा हमारा प्रत्याशी कमल है। टिकट किसी को भी हो हमें कमल की जीत के लिए अभी से अपनी सारी तैयारी को पूर्ण कर लेना है। टिकट घोषित होने के बाद तो हमें जीत के अंतर को बढ़ाने के लिए अपने कार्य को धार देते हुए रफ्तार देनी है। बैठक में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, संजय कश्यप, सुनील यादव, संदीप त्यागी आदि प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ पूरी तैयारियों का जायजा लिया गया।

# डिब्बा पैकिंग कंपनी व्यापारी से 68 लाख हड़पे

## संभल के 3 मीट व्यापारियों पर मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस




**हापुड़।** हापुड़ में एक व्यापारी से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें तीन लोगों ने 68.04 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। व्यापारी को पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राहत अली, जो कपूरपुर के गांव बझैड़ा कला के निवासी हैं, उसने एसपी को शिकायत दी। उन्होंने बताया कि उनकी फर्म ₹हिन्दुस्तान पैकेजिंग₹ है, जो मीट पैकिंग के डिब्बे बनाती है। आरोपियों में मोहम्मद इमरान, मोहम्मद रिजवान और मोहम्मद रिहान शामिल हैं। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है इन लोगों ने 8 अक्टूबर 2020 से 15 फरवरी 2022 के बीच राहत अली की फर्म से 92 लाख 4 हजार 548 रुपये के डिब्बे खरीदे, लेकिन केवल 24 लाख रुपये ही चुकाए। बकाया राशि 68,04,490.70 रुपये है, जो अभी तक नहीं दी गई है। जब राहत अली ने पैसे मांगे, तो आरोपी उन्हें टालते रहे और धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।




### ये है जादू जब 9 लाख वाले बाबू ने 6 महीने में ही कर लिया सब काबू

कहने को फूल वाले कहते रहें कि सरकार हमारी है मगर सरकार किसकी है ये सरकारी महकमें वाले बता देगें। कभी सूबे की सियासत में साईकिल वालों से लेकर हाथी वालों को भी इसी बात का वहम था मगरउनका भी सारा अहम अफसरों और बाबुओं ने दूर कर दिया था। सरकारी महकमें का एक बाबू पूरे सिस्टम को कैसे काबू कर सकता है इसका किस्सा सीवर वाले महकमें में गूंज रहा है। जब एक्शन हुया था तो पता चला था कि बाबू ने कुल 9 लाख ही एकत्र करे थे। निर्माण वाले मामलें में कार्यवाही का दीप चला और ऐसा जला कि बाबू सस्पेंड हो गया। अब महकमें वाले बता रहे हैं कि आप इसमे ज्यादा लाजिक मत तलाशो और ये देखो कि बाबू के पास मैजिक कितना बड़ा है। 9 लाख वाले बाबू ने 6 महीने में ही पूरे सिस्टम को काबू में कर लिया। कमाल ये किया कि बहाल होकर मलाईदार सीट पर तैनाती भी पा ली। विभागीय किलकिल में पता चला कि बाबू तो जलकल में आ गया। महकमें के बड़े साहब को सब जानते हैं कि वो हर काम एज पर रूल करते हैं तो फिर यहां बाबू पर उनकी निगाह क्यों ना गई। पता चला है कि बाबू की हिमायत में यूनियन वाले गये थे और कहा था कि साहब एक बार रियायत दे दो अब ये कभी ऐसी हिमाकत नही करेगा। बहरहाल पूरा महकमा उस जादू के लिये ताली बजा रहा है जिससे एक बाबू ने पूरे सिस्टम पर काबू कर लिया है।

### ये है अजब संयोग चार हिमांशु नामों का नगर निगम में गजब सहयोग

नगर निगम और हिमांशु शब्द में क्रांतिकारी कनेक्शन हैं। हिमांशु अगर नगर निगम से कनेक्ट हैं तो फिर वो रिएक्ट करेगें ही करेगें। हिमांशु शब्द ही निगम के लिये क्रांतिकारी है। निगम पार्षद थे कि हिमांशु मित्तल और ऐसे पार्षद जो भाजपा के थे और उनके लिये भाजपा पार्षदों ने ही निगम के सदन में गो बैक के नारे लगाये थे। शमशान घाट से लेकर हाईकोर्ट तक हिमांशु मित्तल का ही शोर सुनाई देता था। हिमांशु लव भी आज भले ही एक्स हो गये हैं लेकिन रिलेक्स होकर वो भी नही बैठते। मेयर को सुझाव देते हैं और निगम के सदन में वो उस कंपनी की हिमायत में खड़े हुये थे जिसका विरोध पूरा सदन कर रहा था। अब तो वो हिमांशु भी वसुंधरा से कविनगर में आ गये हैं जिनके तबादले के लिये भाजपा के पांच पार्षदों ने लगातार पांच महीने से भी ज्यादा जोर लगाये। तब जाकर सेनेटरी इंस्पेक्टर हिमांशु भारद्वाज का तबादला हुआ और वो भी कोई अलग से नही हुआ। जब साहब ने पूरे जोन के बदले तो उनका भी तबादला किया। चर्चा में अब नदियापार के भगवा पार्षद हिमांशु हैं ,फ्लैग के कलर का स्वैग इनके ही बाद आया था।

### राम कसम हम किसी को भी विधायक बनने से नही रोकेगें

अभी फूल वाले उम्मीदवार के नाम का एलान नही हुआ लेकिन पुराने उम्रदराज भाजपाई ने ही चुनावी ताल ठोक दी। जैसे वो सत्तर बरस गिनाते गिनाते अपने वालों को भी लपेट लेते हैं वैसे ही संघ वाले उपाध्याय जी ने भी साढ़े तीन दशक वाली बात में फूल वालों को भी उसी मशक में भर लिया। बात फूल वालों के दर तक पहुंची तो पहला सवाल तो यही था कि हू इज उपाध्याय। दिखे तो नही कभी ये हर घर झंडा अभियान से लेकर सदस्यता अभियान तक। फिर किसी ने पूछा कि क्या ये सक्रिय सदस्य ऑफ भाजपा हैं। कहने वाले ने कहा कि वो नाराज तो हैं मगर उन्हे नही पता है कि सियासत का अब अंदाज ही बदल गया है। नई हवा हैं और इस हवा की नई भाजपा आ गई हैं।

# परचून की दुकान पर छापेमारी, लाखों का अवैध पटाखा बरामद

## पुलिस ने 1 आरोपी को किया गिरफ्तार



**हापुड़।** हापुड़ की बाबूगढ़ पुलिस ने अवैध पटाखों से भरे 10 कार्टून एक परचून की दुकान से बरामद किए हैं। पुलिस ने दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है।

क्या है पूरा मामला?


थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया वह और उपनिरीक्षक गजेंद्र सिंह कस्बा बाबूगढ़ छावनी अंबेडकर मूर्ति के पास टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर ने सराफा बाजार स्थित एक परचून की दुकान में अवैध पटाखे रखे होने की सूचना दी। सूचना को सटीक मानते हुए पुलिस टीम ने दुकान पर छापा मारा। इस दौरान वहां हड़कंप मच गया और पुलिस ने दुकान की तलाशी शुरू कर दी। उन्होंने बताया यहां से लाखों रुपए के पटाखों से भरे 10 कार्टून बरामद कर दुकानदार मुकेश सिंघल निवासी मेन मार्केट कस्बा बाबूगढ़ छावनी को गिरफ्तार कर लिया।

क्या बोले अफसर?

डीएसपी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि अवैध पटाखों की किसी भी हालत में बिक्री नहीं होने दी जाएगी। आरोपी दुकानदार के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धारा के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी पर कार्रवाई की जा रही है।

## 14वीं मंजिल से कूदने वाला था युवक

# सोसाइटी के लोगों ने 20 मिनट तक बातों में उलझाकर रखा... और बचा ली जान



**नोएडा।** नोएडा में 21 साल के युवक ने सोमवार को सोसाइटी की 14वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड करने का प्रयास किया। बालकनी से लटका देख आसपास के लोग घबरा गए। चीख-पुकार मच गई। सोसाइटी के लोग उसे समझाने लगे। लोगों ने उसे करीब 20 मिनट तक बातों में उलझाकर रखा। इस बीच युवक बालकनी से लटका रहा। दो व्यक्ति दबे पांव उस तक पहुंचे। एक ने पीछे से उसे जकड़ लिया, दूसरे ने पैर पकड़ कर ऊपर खींच लिया। तब जाकर उसकी जान बची।

### रेलिंग पर पैर लटकाकर बैठा था

घटना सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी की है। सोसाइटी के टावर सीसी-1 की 14वीं मंजिल की बालकनी पर एक युवक पैर लटकाकर बैठ गया। बिल्डिंग के नीचे खड़े लोगों ने देखा तो शोर मचाने लगे। वहां पर भीड़ जमा हो गई। लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। लोगों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह लौटने को तैयार नहीं हुआ। उन्होंने कुछ देर तक उसे बातों में उलझाए रखा। तभी उनमें से एक व्यक्ति उसके पास पहुंच गया। उसने जोर से उसके हाथ पकड़ लिया। फिर उसे ऊपर खींच लिया।

लोगों ने फौरन पुलिस को इसकी सूचना दी। सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने सुसाइड का प्रयास करने वाले युवक से बातचीत की। लेकिन, वह बोलने में असमर्थ था। उसे काउंसिलिंग सेंटर ले जाया गया, जहां पर उससे पूछताछ की जा रही है।

### टहलते हुए बिल्डिंग में घुस आया था

एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि सेक्टर 113 की पुलिस को सुबह करीब 10:30 बजे डायल 112 पर किसी व्यक्ति ने फोन किया था। उसने सूचना दी कि एक व्यक्ति सुपरटेक केप टाउन सेक्टर 74 में टावर के 14वें फ्लोर से कूदने का प्रयास कर रहा है। उसे बचा लिया गया है। मौके पर जाकर जांच की गई तो पता चला कि उसकी उम्र 21 साल है। 5 महीने पहले सुपरटेक केप टाउन में परिवार के साथ किराए पर रहता था। वर्तमान में सेक्टर 41 नोएडा में रहता है। वह सुबह बिना घरवालों को बताए टहलने निकला था। उसके बाद घूमते हुए सुपरटेक केप टाउन आ गया। बिल्डिंग पर चढ़ गया। उसके घरवालों को सूचना दे दी गई है। परिजन उसे अपने साथ ले गए हैं। उन्होंने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार है, उसका इलाज चल रहा है।

### गौवश बरामद, हिंदू संगठनों में उबाल

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** पुलिस ने गौवश बरामद कर तीन नामजद व अन्य के विरूद्व नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिन्दूवादी नेता मधुर नेहरा को सूचना मिली की फरीदनगर के जंगल में गौवश का कटान किया जा रहा है। सूचना पर पंहुचे कई हिन्दूवादी नेताओं ने हंगामा कर भोजपुर पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पंहुची पुलिस ने गौवश बरामद कर मधुर नेहरा की तहरीर के आधार पर फरीदनगर निवासी द्वारा अय्यूब कुरैशी, अज्जू व अनीस पुत्रगण युनूस निवासी फरीदनगर व कुछ अन्य लोगो द्वारा गौकशी की घटना कारित करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




### किस टू-स्टार ने कर दिया कारनामा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पुलिसकर्मियों के किस्से और कहानियां समय-समय पर सामने आते रहते हैं। ताजा मामला भी इन दिनों व्यापारियों से लेकर सिटी वाले जोन में जमकर चर्चाओं में बना हुआ बताया जा रहा है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि भले पूरे मामले की भनक पुलिस के अधिकारियों को ना लगी हो पर चर्चा खाकी वाले महकमें में भी जमकर हो रही है। कोई इसे जैकपॉट बता रहा है तो कोई करवाचौथ पर दीपावली वाला धमाका कह रहा है। वहीं सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिटी जोन में करवाचौथ से पहले एक टू-स्टार ने दीपावली मना ली है, ऐसी जानकारी मिली है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सूत्रों से पता चला है कि सिटी जोन में तैनात एक टू-स्टार के इलाके में बड़ी संख्या में मेहंदी वाले दुकान सजाते हैं। बताया गया है कि करवाचौथ से एक रात पहले चौकी इंचार्ज रात वाली ड्यूटी पर थे, उनके साथ एक यादव जी भी मौजूद थे। सूत्रों ने बताया है कि दोनों ने इलाके में कुछ महिलाओं और पुरुषों को उठाया और चौकी पर ले गए थे। वहीं आरोप है कि इसके बाद उनकी पुलिसिया खातिरदारी की गई और फिर बिना अधिकारियों के संज्ञान में लाए सभी को चौकी से ही रवाना कर दिया गया। अब रवानगी के पीछे के कारण की चर्चा पुलिस महकमें और व्यापारी दोनों के बीच है। सुनने में आ रहा है कि इस पूरे मामले में कई व्यापारी नेता भी एकजुट हुए थे लेकिन भगवा दल से उनका कनेक्शन होने की वजह से वह थोड़े शांत पड़ गए। बताया जा रहा है कि टू-स्टार का जो नाम है पर उनके द्वारा जो किया गया है वो नाम से मामला पूरी तरह से विपरीत हो गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले करवाचौथ वाले दिन लूट की बड़ी वारदात ना हुई हो लेकिन अगले दिन और एक अधिकारी के साथ हुई घटना कई सवाल खड़े किए हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में जिस टू-स्टार का यह पूरा मामला बताया जा रहा है, वह सिटी के बराबर वाले इस थाने में भी रह चुके हैं, जहां अब उनकी पोस्टिंग है। वहीं सुनने में आया है कि बाजारों में उनके द्वारा चालान अभियान की चर्चा पहले भी रही है। फोटो खींचने के बाद वह किसी की सुनते नहीं है और करवाचौथ से पहले दीपावली वाला जो कारनामा आया है उसको लेकर भी कई तरीके की चर्चाएं सुनाई दे रही हैं।




# राम किशोर अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी एवं पुलिस कमिश्नर से मिला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला अध्यक्ष राम किशोर अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को जिलाधिकारी एवं पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद से मिला। जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को एक ज्ञापन दिया गया जिसमें जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न से अवगत कराते हुए 8 सूत्रीय ज्ञापन दिया और उनसे अक्षय जैन एवं अज्ञात में व्यापारियों के खिलाफ की गई एफआईआर को निरस्त करने और इसकी उच्च अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच करने की मांग की। इसके बाद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा से भी भेंट कर अक्षय जैन और अन्य के खिलाफ की गई एफआईआर को निरस्त करने की मांग की गई। आज के प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष राम किशोर अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष गोपीचंद, महानगर महामंत्री अशोक चावला, जिला महामंत्री पंकज गर्ग, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजदेव त्यागी एवं संगठन सचिव अतुल सिंघल मौजूद रहे। धन्यवाद। आपका अशोक चावला महामंत्री महानगर उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद

# पार्षद कुसुम गोयल ने जरूरतमंद लोगों को बांटे उपहार



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी स्थित सेंट्रल पार्क में लव केयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित 'डोनेट ए थाली' अभियान ने अपने सातवें वर्ष का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल द्वारा किया गया। जरूरतमंद लोगों को लगभग 1,200 थालियाँ वितरित की गईं, फाउंडेशन द्वारा दिल्ली और एनसीआर, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और जम्मू और कश्मीर सहित 8 राज्यों में 35,000 थालियाँ वितरित करने की महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। लव केयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय निदेशक संजू दादरू ने परियोजनाओं की निदेशक रीमा मल्होत्रा के साथ मिलकर पहल का समर्थन करने वाले कॉरपोरेट भागीदारों, स्वयंसेवकों और छात्रों का स्वागत किया। लगभग 70 स्वयंसेवकों ने पहले दिन के वितरण को सुचारू रूप से चलाने के लिए लव केयर फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया।

# व्यापारियों की समस्याओं का प्रमुखता से होगा समाधानः सतेन्द्र गुप्ता



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मनोनित अध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता ने कहा कि उनके द्वारा व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से हल करायें जाने का प्रयास किया जायेंगा, इसके लिये हमेशा कटिबद्व रहेंगे। हालंही में सतेन्द्र गुप्ता को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गोविंदपुरी का अध्यक्ष व अमितेज जैन को मोदीनगर विधानसभा का वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं गोविंदपुरी के चेयरमैन पद पर मनोनीत किया गया है।

संगठन के शहर अध्यक्ष अध्यक्ष अमित गोयल, महामंत्री निर्दोष खटाना व उपाध्यक्ष जगदीश मदन की मौजूदगी में गोविंदपुरी व्यापारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अमित गोयल ने गोविंदपुरी के व्यापारियों की सहमति से उद्योग व्यापार मंडल गोविंदपुरी के अध्यक्ष पद पर सतेन्द्र गुप्ता, महामंत्री पद पर संजीव कौशिक, कोषाध्यक्ष के पद पर राजेश गुप्ता व मनीष चैधरी को उपाध्यक्ष व अमितेज जैन को विधानसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व गोविंदपुरी उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन पद का भी दायित्व सौपा गया है। इस अवसर पर अमित गोयल ने कहा कि व्यापार मंडल के बन जाने से व्यापारियों की समस्या का समाधान शीघ्रता के साथ में किया जाएगा। गोवर्धन सचदेवा, राकेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, हरेंद्र अरोड़ा, सुनील अग्रवाल, शिवम गुप्ता, विजेंद्र गुप्ता, जितेंद्र, सोनू, मोनू चैधरी, सूरज, नंदकिशोर, सचिन ठाकुर, प्रमोद कुमार ठाकुर, रविकांत सोनी, कपूर चंद सोनी, जितेंद्र त्रिवेदी, वैभव, मुकुल गोयल, सिराजुद्दीन, देवेंद्र, मनोज कुमार व देवेंद्र स्वामी आदि व्यापारी मौजूद रहें।

# सांसद ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** बागपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजकुमार सांगवान ने सोमवार को पुनःनिर्मित रेलवे स्टेशन का पूर्व निधारित कार्यक्रम के तहत निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दियें। बागपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजकुमार सांगवान व विधायक डॉ0 मंजू शिवाच से सोमवार को संयुक्त रूप से पुनः निर्मित मोदीनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुये पुनर्निर्माण में बरती जा रही खामियों पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुये जरूरीर निर्देश दिये। इस दौरान रेलवे विभाग से किसी उच्चाधिकारी की मौजूदगी ना होने पर उन्होंने नाराजगी भी जाहिर की। स्थलीय निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व विधायक पं0 सुदेश शर्मा, स्वदेश जैन, नवीन जायसवाल, अमित, आकाश शर्मा, संजय, अनिल, सभासद मोनू, सोनू आदि मौजूद रहें।

# हापुड़ में मां समेत दो बच्चों को सांप ने डसा

**हापुड़।** हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव सदरपुर में घर में जमीन पर सो रहे दो बच्चों की सर्पदंश से मौत हो गई। बच्चों की चीख सुनकर जागी मां को भी सांप ने डस लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बच्चों की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है। सदरपुर निवासी रिंकू सिंह मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। रविवार रात उसकी पत्नी पूनम अपनी बेटी साक्षी (12) और बेटे कनिष्क (11) के साथ घर में जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रही थी। वहीं, रिंकू कमरे में बिस्तर पर सो रहा था। तड़के सुबह बच्चों को सांप ने काट लिया, जिससे उनकी चीख निकल गई। मां पूनम जब उनकी चीख सुनकर उठी और बच्चों के पास पहुंची, तो सांप ने उसे भी डस लिया। ग्रामीणों की मदद से तुरंत तीनों को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जहाँ से गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें मेरठ रेफर कर दिया। मां की हालत गंभीर मेरठ में पहुंचने पर डॉक्टरों ने साक्षी और कनिष्क को मृत घोषित कर दिया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 22 अक्टूबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# प्रदूषण से निपटने के लिए तैयार हो गया है 'डिस्ट्रिक्ट गंगा प्लान'

## वायु प्रदूषण के प्रभावी नियंत्रण के लिए ग्रेप स्टेज-1 किया गया लागू

### कई विभागों के साथ हुई जिलाधिकारी की कलेक्ट्रेट में स्पेशल मीटिंग





**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** वायु प्रदूषण की स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल होना शुरू हो गई है और वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए प्रशासनिक अमला तैयारियों पर उतर आया है। इसी क्रम में सोमवार को जिला गंगा प्लेन बनाने के लिए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने कई अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर वायु प्रदूषण के प्रभावी नियंत्रण के लिए ग्रेप स्टेज एक लागू कर दिया है। कलेक्ट्रेट के जिला गंगा समिति की बैठक जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में हुई।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन दिल्ली कार्यालय के पत्र के क्रम में गंगा संरक्षण समिति के अनुसार जनपद गाजियाबाद में डिस्ट्रिक्ट गंगा प्लेन बनाने के लिए लोक प्रशासन संस्थान को कार्यालय विभागों और सूचनाओं उपलब्ध कराने के संबंध में बैठक हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सामाजिक वानिकी वन विभाग, जिला भू-गर्भ जल संरक्षण प्रबंधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, खनन विभाग, पंचायती राज विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग के एक-एक नोडल अधिकारी नामित कर इसे जल्द लागू कराने और वायु प्रदूषण की स्थिति को कंट्रोल करने का निर्देश दिया है।

### वायु से लेकर जल प्रदूषण को लेकर अधिकारियों को दिए गए निर्देश







करंट क्राइम : बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जल प्रदूषण करने वाले सभी कारकों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें फैक्ट्री, कारखाने, नाली, वॉशिंग कंपनी, घरों, कंपनियां, नदी ,नालों, तालाबों व खेतों आदि से आने वाले प्रदूषित पानी जो नदी में गिरते हैं और इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है, इसको लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही जनपद में पेयजल सहित घरेलू अन्य कारकों से होने वाले जल उपयोग के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति बिगड़ने के चलते ग्रेप-एक लागू कर दिया गया है। ग्रेप लागू होने के बाद कई तरीके के नियम कठोरता से पालन कराया जाएगा। वहीं वायु प्रदूषण की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लगातार पानी का छिड़काव से लेकर धुआं फैलने वाली इकाइयों पर अलग-अलग एजेंसी कार्रवाई करने का काम भी करेगी।

### गाजियाबाद में 6 हॉटस्पॉट किए गए चिन्हित

करंट क्राइम : वायु प्रदूषण की स्थिति हर साल गाजियाबाद और आसपास के इलाकों में प्रभावित रहती है। वायु प्रदूषण की वजह से लोगों के स्वास्थ्य और जनजीवन पर असर पड़ता है। 14 अक्टूबर से ग्रेप की स्टेज-01 लागू कर दी गई है। जिसके बाद जनपद गाजियाबाद में प्रदूषण की रोकथाम के लिए 6 खास इलाकों को हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। इसमें साहिबाबाद, राजनगर एक्सटेंशन, लोनी, भौपुरा दिल्ली बॉर्डर, वसुंधरा, सिद्धार्थ विहार और कनवानी पुश्ता रोड है। इसके लिए एक एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत सभी जिम्मेदार विभाग एक साथ मिलकर प्रभावी ढंग से कार्रवाई करें ताकि वायु प्रदूषण की बिगड़ी हुई स्थिति को त्यौहारी सीजन के दौरान कंट्रोल किया जा सके।


### अब तक 08 इकाइयों के विरुद्ध हुई 23 लाख जुर्माने की कार्रवाई

करंट क्राइम : ग्रेप की फर्स्ट स्टेज लागू हो गई है। जिसमें खुले में निर्माण सामग्री, भंडारण, आवागमन और पर्यावरण क्षति करने को लेकर लगातार उत्तर प्रदेश नियंत्रण बोर्ड द्वारा 14 अक्टूबर से लेकर 21 अक्टूबर के बीच निर्माण सामग्री, भंडारण और वायु प्रदूषण की स्थिति को बिगड़ने का दोषी मानते हुए कुल आठ अलग-अलग इकाइयों पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 23 लाख रुपए का जुमार्ना भी वसूला गया है। इसके साथ ही लगातार शहर में पानी का छिड़काव, पेड़ों पर पानी से सफाई और जहां धूल एवं धुंआ अधिक होता है, वहां वाटर कैनन की मदद से वायु प्रदूषण के लेवल को कम करने का भी काम किया जा रहा है।

### मीटिंग में इन विभागों के अधिकारी रहे उपस्थित

करंट क्राइम : बैठक में डीएफओ ईशा तिवारी, प्रोजेक्ट एसोसिएट सिमरन यादव, आरओ यूपी पीसीबी विकास मिश्रा, श्रीनाथ पासवान जीएमडीआईसी, ईईपीडब्ल्यूडी रामराजा, बीएसए ओपी यादव, ईओ मोदीनगर, लोनी, डासना और डा. विधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जारी है कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी की युवराज वाली सिक्सर पारी




### कमजोर पिच पर मजबूत परफॉर्मेंस दे रहे हैं महानगर अध्यक्ष

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने सियासी पिच पर एक तरह से कप्तानी संभालने के बाद युवराज सिंह के सिक्सर वाली पारी खेली है। वो कांग्रेस की कमजोर पिच पर मजबूत परफॉर्मेंस दे रहे हैं। हाल ही में उन्होंने हिंदी भवन में मेरा बूथ मेरा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित किया।

शहर विधानसभा के सभी बूथ प्रभारी बुलाए। ये लंबे समय के बाद कोई ऐसा कार्यक्रम था जब कांग्रेस के किसी महानगर अध्यक्ष ने अपनी ताकत दिखाई। ये पारी यहीं खत्म नहीं हुई और कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष ने हिंदी भवन सभागार से बाहर आगर अंबेडकर पार्क में अपनी ताकत दिखाई और संविधान संकल्प सम्मेलन आयोजित किया।

कप्तान के रूप में विजय चौधरी की ये पारी बता रही है कि वो अपनी टीम को जिताने के लिये खेल रहे हैं। हालांकि इस कार्यक्रम के दौरान कप्तान को उन चेहरों से भी सावधान होना पड़ा जो नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। जिनकी कोशिश ये थी कि भीड़ किसी तरह तितर बितर हो जाए और कांग्रेस की मजबूती नजर ना आए। यहां कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष को जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। विजय चौधरी स्वयं भी मिलनसार नेता हैं और उन्होंने कप्तान के रूप में वास्तव में युवराज वाली पारी खेली है। जितने भी कार्यक्रम उन्हें मिले हैं वो उन्होंने हिट कार्यक्रम में तब्दील किये हैं। मेयर चुनाव में महानगर अध्यक्ष के रूप में विजय चौधरी ने कांग्रेस के वोट बैंक में इजाफा किया है। अब शहर विधानसभा सीट पर ये बड़ी जिम्मेदारी है कि कांग्रेस अपने 12 हजार वाले ट्रैक रिकॉर्ड को कैसे पार करेगी। फिलहाल कप्तान के रूप में विजय चौधरी जिस तरह से धुंआधार पारी खेल रहे हैं उससे यह लग रहा है कि अच्छा रिजल्ट देखने को मिलेगा।

> **महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी कांग्रेस की कमजोर पिच पर मजबूत परफॉर्मेंस दे रहे हैं। हाल ही में उन्होंने हिंदी भवन में मेरा बूथ मेरा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित किया।**

# टूटी हुई चेन के टुकड़े से जुड़ी बदमाशों की चेन, मसूरी पुलिस ने 6 को भेजा जेल

## डीसीपी ग्रामीण और एसीपी मसूरी की टीम ने दबोचा एक्सप्रेस-वे पर वारदात करने वाला गैंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** डीसीपी ग्रामीण जोन की टीम में मसूरी थानाक्षेत्र में कैसे गैंग का खुलासा किया है, जो नेशनल हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर लूटपाट, चोरी और छिनैती की वारदातों को अंजाम दिया करता था। पुलिस ने इस मामले में महिला के चेन के टुकड़े से लुटेरों की चेन जोड़ने का काम किया है। जिसके बाद पुलिस को इस मामले में सफलता मिली है।



पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से एक ईसीएस, एक गले की चेन का टुकड़ा, दो तमंचे 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, अवैध चाकू, पेंचकस, रिंच, चाबी और अर्टिगा कार बरामद हुई है।



इस मामले में मुख्य सरगना बिलाल अभी फरार बताया जा रहा है। साथ ही पुलिस ने इस मामले में एक टैक्सी ट्रैवल एजेंट के मालिक को भी गिरफ्तार किया है। डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने जानकारी दी है कि पकड़े गए नासिर, जैद उर्फ साहिल, कैफ उर्फ अंशुल, मन्नू यादव, शहनवाज उर्फ सादाब और पंकज को गिरफ्तार किया गया है जबकि बिलाल अभी फरार चल है।

### महिला की टूटी हुई चैन के टुकड़े से खुला पूरा केस

करंट क्राइम : पुलिस को जानकारी मिली थी कि बिलाल एक गिरोह को संचालित कर रहा है। उसमें मन्नू यादव मूलरूप से एटा निवासी है। बिलाल के ऊपर एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। यह लूटपाट किया करता था। बताया जा रहा है कि जुलाई माह में एक महिला से चेन लूट हुई थी, जिसका टूटा हुआ टुकड़ा बिलाल के गैंग के पास था। पुलिस ने उसे भी बरामद करने का काम किया है। वहीं जिस दिन वो वारदात हुई पुलिस ने उसी दिन की फुटेज व सर्विलांस रिकॉर्ड के आधार पर इस गैंग के सदस्यों को दबोचा और फिर यह केस खुलता चला गया। कुल मिलाकर पुलिस ने आरोपियों से एक गाड़ी, कीमती सामान और हथियार बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि यह गिरोह नेशनल हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर वारदात किया करता था और मसूरी थानाक्षेत्र के साथ मुरादनगर, मोदीनगर क्षेत्र की वारदातों पर भी पुलिस इस गिरोह से पूछताछ कर चुकी है।

### पकड़े गए आरोपियों पर दर्ज हैं कई मुकदमे

करंट क्राइम : एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने जानकारी दी है कि नासिर के विरुद्ध धौलाना जनपद हापुड़ में गौकशी, अवैध तमंचा रखने के दो मामले दर्ज हैं। साथ ही थाना मसूरी में लूट और चोरी और चोरी योजना बनाने का भी एक मामला दर्ज है। तो वहीं अभियुक्त कैफ , जैद व पंकज के विरुद्ध भी लूट और चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। मन्नू यादव ,शाहनवाज उर्फ सादाब, पंकज पर चोरी, लूट की योजना बनाने का एक मामला दर्ज है। साथ ही इनके अन्य मामलों की जांच पुलिस जुटाने का काम कर रही है।

## पार्टी के बहुत बड़े नेता के श्रीमुख से जब जाननी चाही टिकट की जिज्ञासा

# उधर से आई आवाज टिकट हो गया है फाइनल, घोषणा बाकी अब नहीं रखो अभिलाषा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत में टिकट का इंतजार भी किसी नतीजें से कम नहीं होता। टिकट घोषणा से पहले ये निगाहें लगी रहती है कि किसके नाम की घोषणा होने जा रही है। बड़े नेताओं के दर से ये क्लू मिल जाते हैं कि किस पर टिकट कृपा होने जा रही है। भाजपा के एक बड़े नेता हैं और उनका आशीर्वाद बड़ा माना जाता है। उनके बारे में ये कहा जाता है कि वो पार्टी के मामलों में ज्यादा दखल नहीं देते हैं, लेकिन उनका इशारा ही काफी है। उनके श्रीमुख से कुछ निकला तो वो आदेश में तब्दील हो जाता है। सूत्र बताते हैं




कि कुछ भगवा चेहरे दिल्ली वाले इस दरबार में उनसे मुलाकात करने गए थे। वो उनका आशीर्वाद लेने गए थे और यहां किसी को लगा कि वो अपनी जिज्ञासा को शांत कर सकता है। बताते हैं कि एक भाजपाई ने बहुत जिज्ञासा से बड़े नेता के सामने मन के उदगार रख दिये और पूछ लिया कि साहब टिकट किसका होने की संभावना है। सूत्र बताते हैं कि बड़े नेता ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आपको पता होना चाहिए कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसकी अपनी एक नीति है।

फिर कहा कि टिकट फाइनल हो चुका है और अब केवल घोषणा होनी बाकी है। सूत्र बताते हैं कि इसके बाद एक खामोशी से छा गई और जो लोग वहां गए थे उनको भी ये भनक नहीं लगी है कि टिकट किसका हुआ है लेकिन इतना जरूर तय हो गया कि टिकट का मामला तो फोल्ड होकर रखा जा चुका है और अब सिर्फ घोषणा होनी बाकी है।

# मोदी नगर में बैंक लॉकर से 50 लाख का सोना गायब

## पुलिस कर रही है मामले की जांच, लॉकर टूटा मिला, बैंक स्टाफ पर भी लापरवाही का आरोप

### फॉरेंसिक और पुलिस की सीसीटीवी टीम इस पूरे मामले की जांच में जुटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के देहात जोन में एक सरकारी बैंक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बैंक के एक कस्टमर ने पुलिस को शिकायत दी है कि उसके लॉकर से लगभग 50 लाख रुपये का सोना गायब हो गया है। दरअसल मोदीनगर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के लॉकर से करीब 50 लाख रुपए का सोना गायब होने का मामला सामने आया है।



बैंक की सूचना पर सोमवार को जब दंपति ने पहुंचकर जांच की तो लॉकर टूटा मिला। अंदर से सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। उन्होंने बैंक स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मोदीनगर थाने में एप्लिकेशन दी है। फिलहाल पुलिस और बैंककर्मी अपनी-अपनी जांच में जुटे हुए हैं।

वहीं बैंक के लॉकर जैसे सुरक्षित स्थान से लाखों का सोना गायब होने की सूचना जिसको भी मिली वो बैंक की ओर दौड़ गया। सोमवार को यहां बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। वहीं पुलिस के आलाधिकारी इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। वहीं फॉरेंसिक और पुलिस की सीसीटीवी जांच टीम इस पूरे मामले की जांच में जुट गई हैं।

### 20 साल से ज्यादा पुराना है बैंक खाता

करंट क्राइम : बैंक के लॉकर को लोग अपने स्थान से ज्यादा सुरक्षित समझते हैं लेकिन जब कस्बा मोदीनगर निवासी अंकुश गोयल को पता चला कि उनके सोने के आभूषण बैंक लॉकर से गायब हो गए तो उनके होश उड़ गए। अंकुश गोयल ने पुलिस को बताया है कि पिछले करीब 20 साल से भी ज्यादा वक्त से उनका इस बैंक में खाता था। इसलिए उन्होंने यहां एक लॉकर खुलवाया हुआ था। जिसमें घर के सभी जेवरात रखे हुए थे। बताया जा रहा है कि बीते कुछ सालों में कई बार उन्होंने इनकी जांच भी की है। सोमवार सुबह बैंक से उनके पास फोन पहुंचा। इसके बाद वो अपनी पत्नी ईशा गोयल के साथ बैंक पर आए। यहां देखा तो लॉकर का गेट टूटा हुआ था। अंदर से लॉकर पूरी तरह खाली था।

### 40 तोले सोने के जेवर थे मौजूद

करंट क्राइम : मोदीनगर के जिस बैंक का यह पूरा मामला है वहां सोमवार को देर शाम तक पुलिस मौजूद रही। वहीं इस मामले में पीड़ित अंकुश गोयल की पत्नी ईशा गोयल ने बताया है कि लॉकर में करीब 40 तोले सोना और करीब 50-60 तोला चांदी के जेवरात रखे हुए थे। अब लॉकर में कुछ भी नहीं मिला है। वहीं अंकुश गोयल ने बताया कि उनके द्वारा अगस्त के महीने में आखिरी बार लॉकर की विजिट करके गए थे। उस वक्त लॉकर सही हालत में था। अब बैंक अपनी जिम्मेदारी से हाथ खड़े कर रहा है। पीड़ित परिवार ने इस मामले में थाना मोदीनगर में शिकायत दे दी है। पुलिस इस पूरे मामले में कई एंगल से जांच कर रही है। वहीं इस पूरे मामले में अधिकारी भी नजर बनाए हुए हैं।

## संपादकीय

# चिकित्सा जगत में नैतिक आचरण

चिकित्सकों को भगवान का रूप माना जाता है. अस्पताल पहुंचकर या डॉक्टर के सामने जाकर रोगी आश्वस्त हो जाता है कि वह स्वस्थ हो जायेगा. चिकित्साकर्मियों ने अपने इस दायित्व का निर्वाह भी बहुत अच्छी तरह से किया है, जैसा कि हमने कोरोना महामारी के दौर में देखा था. लेकिन ऐसी शिकायतें भी अक्सर सामने आती हैं कि चिकित्सक और अस्पताल दवा और मेडिकल साजो-सामान बनाने वाली कंपनियों से नगदी, आभूषण, महंगी चीजें, यात्रा आदि लेते हैं और इसके बदले उनके उत्पादों की बिक्री में सहयोग करते हैं. कौन-सी दवा लेनी है या कौन-सा सामान इस्तेमाल करना है, इसका फैसला तो रोगी या उसके परिजन नहीं ले सकते हैं. वे डॉक्टर या अस्पताल का सुझाव मानने के लिए बाध्य होते हैं.

चूंकि उन्हें डॉक्टरों पर भरोसा होता है, तो वे बतायी गयी दवा या उपकरण खरीद लेते हैं. उपहारों के बदले मेडिकल उपकरण बिकवाने के अनैतिक व्यवहार पर रोक लगाने के उद्देश्य से फार्मास्यूटिकल विभाग ने एक निर्देश जारी किया है. इसमें कहा गया है कि उपकरण बनाने वाली कंपनियां मार्केटिंग व्यवहार से संबंधित इस संहिता को अपने वेबसाइट पर लगायेंगी तथा इस संबंध में शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था करनी होगी. कंपनियों को सैंपल वितरण, सम्मेलनों पर खर्च आदि का ब्यौरा भी मुहैया कराना होगा. इस निर्देश में कहा गया है कि कंपनियां विदेशों में चिकित्साकर्मियों के लिए सम्मेलन आयोजित न करें, उन्हें होटल, भाड़ा या अनुदान न दिया करें।

यह भी प्रावधान किया गया है कि जब तक किसी उपकरण को नियामक प्राधिकरण से अनुमति नहीं मिल जाती, उसका प्रचार नहीं किया जा सकता है. मंजूरी से पहले ही कंपनियां उनके बारे में बताने लगती हैं तथा उनकी बिक्री बढ़ाने के उपाय किये जाने लगते हैं. उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के प्रारंभ में फार्मास्यूटिकल विभाग ने दवा कंपनियों के लिए इसी तरह की नियमावली जारी की थी. साल 2022 में एक दवा कंपनी पर यह आरोप लगा था कि उसने महामारी के दौरान अपनी एक दवा की बिक्री बढ़ाने के लिए डॉक्टरों को एक हजार करोड़ रुपये के उपहार बांटे थे।

यद्यपि सरकार द्वारा सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास हो रहे हैं, अनेक उपकरणों के दाम भी तय किये गये हैं, अस्पताल में सघन चिकित्सा कक्ष में भर्ती को लेकर निर्देश दिये गये हैं, पर निरंतर निगरानी संभव नहीं है. उपहार लेने की गलत परिपाटी को डॉक्टरों और कंपनियों को ही रोकना होगा. मरीजों को बहुत अधिक खर्च अपनी जेब से करना पड़ता है. कुछ बीमारियों में तो इतना खर्च हो जाता है कि परिवारों पर गरीबी का साया मंडराने लगता है। इन मुश्किलों को जेहन में रखा जाना चाहिए।

# ओपीएस लेने वाले रिटायर्ड कर्मियों की पेंशन में बढ़ोतरी, शर्त पूरी तो 15 वर्ष बाद मिलेगी पेंशन

**नई दिल्ली।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा इस बाबत 18 अक्तूबर को कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित नीतियों के निर्माण के लिए नोडल विभाग है।

पुरानी पेंशन योजना के तहत रिटायर हुए कर्मचारियों के लिए खुशी की खबर है। भारत सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन में 20 से 100 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्लान तैयार कर लिया है। अतिरिक्त पेंशन या अतिरिक्त अनुकंपा भत्ता पाने के लिए रिटायर्ड कर्मचारियों को आयु की शर्त पूरी करनी होगी। अगर वे अस्सी साल से 85 वर्ष की आयु के बीच में हैं तो उनकी बेसिक पेंशन में बीस प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी। यानी उन्हें बीस फीसदी अतिरिक्त पेंशन या अतिरिक्त अनुकंपा भत्ता मिलेगा। एक तय आयु पार करने के बाद सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन में बतौर अतिरिक्त पेंशन या अतिरिक्त अनुकंपा भत्ते में, 100 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा इस बाबत 18 अक्तूबर को कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित नीतियों के निर्माण के लिए नोडल विभाग है। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021




के अंतर्गत आने वाले केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त सिविल कर्मचारियों को अतिरिक्त पेंशन देने के लिए शर्तें निर्धारित की गई हैं। सीसीएस (पेंशन) नियम 2021 के नियम 44 के उप नियम 6 के प्रावधानों के अनुसार, सीसीएस (पेंशन) नियम 1972 के पूर्ववर्ती नियम 49(2-ए), अस्सी वर्ष की आयु पूरी होने के बाद या इससे ऊपर के सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों द्वारा, नियमों के तहत स्वीकार्य पेंशन या अनुकंपा भत्ते के अलावा उन्हें अतिरिक्त पेंशन या अतिरिक्त अनुकंपा भत्ता दिया जाएगा। अतिरिक्त पेंशन या अतिरिक्त अनुकंपा भत्ता, उस कैलेंडर माह के पहले दिन से दिया जाएगा, जिसमें वह देय होगा। उदाहरण के लिए, 20 अगस्त, 1942 को जन्मा एक पेंशनभोगी पहली अगस्त, 2022 से मूल पेंशन के बीस प्रतिशत की दर से अतिरिक्त पेंशन के लिए पात्र होगा। 1 अगस्त, 1942 को जन्मा एक पेंशनभोगी भी 1 अगस्त, 2022 से मूल पेंशन के बीस प्रतिशत की दर से अतिरिक्त पेंशन के लिए पात्र होगा। केंद्र सरकार ने सभी मंत्रालयों/विभागों और पेंशन वितरण प्राधिकरणों/बैंकों से अनुरोध किया है कि वे केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के उपरोक्त प्रावधानों के अनुपालन के लिए सभी संबंधित पक्षों को सूचित करें। अगर सेवानिवृत्ति वाले कर्मचारी की आयु 80 से 85 के बीच है तो उसे बीस प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन मिलेगी। कर्मचारी की आयु 85 से 90 वर्ष के बीच है तो उसे 30 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन देय होगी। कर्मचारी की आयु 90 से 95 वर्ष के बीच है तो मूल पेंशन में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। इसी तरह कर्मचारी की आयु 95 से 100 वर्ष के बीच है तो उसकी मूल पेंशन में 50 प्रतिशत की अतिरिक्त बढ़ोतरी हो जाएगी। अगर कोई सेवानिवृत्ति कर्मचारी सौ वर्ष के पार पहुंच गया है तो उसकी मूल पेंशन में 100 प्रतिशत की अतिरिक्त बढ़ोतरी हो जाएगी। 'नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मंजीत सिंह पटेल कहते हैं, भारत सरकार द्वारा यह फामूर्ला सेंट्रल सिविल सर्विसेज रूल्स 2021 के आधार पर तय किया गया है। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया है कि इस नियम का लाभ भारत सरकार के नेशनल पेंशन सिस्टम अमेंडमेंट एक्ट 2021 (सीसीएस रूल्स 1972) के अंतर्गत आच्छादित डेथ और डिसेबिलिटी के केस में विकल्प 1 का चयन करने वालों को भी दिया जाए। वजह, डेथ और डिसेबिलिटी के केस में भारत सरकार ने कर्मचारियों को एनपीएस एग्जिट रूल्स 2015 और सीसीएस रूल्स 1972 में से किसी एक विकल्प का चयन करने की आजादी दी है।

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 429 अंक चढ़ा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान पर खुला। शुरूआती कारोबार में ऑटो, आईटी और पीएसयू बैंक सेक्टर में खरीदारी देखने को मिल रही है। बीएसई का सेंसेक्स 429.08 अंक या 0.53 प्रतिशत की तेजी के बाद 81,653.83 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एनएसई का निफ्टी 101.45 अंक या 0.41 प्रतिशत चढ़ने के बाद 24,955.50 पर कारोबार की शुरूआत कर रहा है। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1509 शेयर हरे, जबकि 602 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1727 शेयर हरे और 807 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी बैंक 241.30 अंक या 0.46 प्रतिशत चढ़ने के बाद के 52,335.50 पर है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 305.70 अंक या 0.52 प्रतिशत फिसलने के बाद 58, 954.85 स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 44.65 अंक या 0.23 प्रतिशत चढ़ने के बाद 19,122.45 पर है। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और विप्रो टॉप गेनर्स थे। वहीं, कोटक महिंद्रा, भारती एयरटेल, एम एंड एम और एनटीपीसी टॉप लूजर्स थे। निफ्टी पैक में एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एक्सिस बैंक टॉप गेनर्स थे। वहीं, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड, कोटक महिंद्रा, बीपीसीएल, भारती एयरटेल टॉप लूजर्स थे। एशियाई बाजारों की बात करें तो जकार्ता, शंघाई, टोक्यो के बाजार हरे निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, बैंकॉक और हांगकांग के बाजार लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजार बीते कारोबारी दिन हरे निशान पर बंद हुए थे। बाजार के जानकारों के अनुसार, अमेरिकी बाजारों में नए रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के साथ ही वैश्विक शेयर बाजार में तेजी बरकरार है।



# वित्त वर्ष 2025 में भारत का सेवा निर्यात 9.8% बढ़कर 180 अरब डॉलर पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** भारत का सेवा क्षेत्र लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, सेवा क्षेत्र का चालू वित्त वर्ष में सेवा निर्यात 9.8 प्रतिशत बढ़कर 180 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। वहीं, सेवा आयात भी 9.6 प्रतिशत बढ़कर 62.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। इसके परिणामस्वरूप सेवा व्यापार संतुलन 82.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में अधिक है। हालांकि, सेवा निर्यात और आयात में मामूली वृद्धि दर्ज हो पाई है। वित्त वर्ष 2025 के लिए चालू खाता घाटा (सीएडी) जीडीपी के 1 प्रतिशत से 1.2 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। स्थिर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह और मजबूत विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) प्रवाह भी सर्मथन में मददगार रहेगा। मौद्रिक इजिंग साइकल में देरी की वजह से निर्यात सुधार कुछ प्रभावित हो सकता है। लेकिन, मध्यम अवधि में व्यापक आर्थिक गतिशीलता अनुकूल स्थिति का संकेत देती है। आने वाले महीनों में आयात वृद्धि निर्यात में सुधार से आगे निकल सकती है, ऐसे में व्यापार घाटे का दबाव बढ़ सकता है। सितंबर में सुधार के बावजूद वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के लिए व्यापार घाटा अधिक बना हुआ है। यह आगे आने वाली चुनौतियों का संकेत देता है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में मौसमी कारकों की वजह से निर्यात गतिविधि में वृद्धि देखे जाने की उम्मीद है। हालांकि, पूरी रिकवरी वैश्विक आर्थिक स्थितियों पर भी निर्भर करेगी, जो अनिश्चित बने हुए हैं। यह सुधार सोने के आयात में गिरावट की वजह से भी आया है। सोने का आयात 10.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से घटकर 4.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। अप्रैल-सितंबर की अवधि में निर्यात 1 प्रतिशत बढ़कर 213.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज 8.9 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में सुधार को दिखाता है।

## राशिफल

**मेष:** आज धनतेरस के शुभ अवसर पर लंबी अवधि के लाभ की दृष्टि से स्टॉक और म्यूचुअल फंड में निवेश करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**वृष:** आज धनतेरस के दिन पारिवारिक मेल-मिलाप में वृद्धि होगी। आप रिश्तेदारों से फोन पर बात कर सकते हैं। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** आज धनतेरस के दिन आपको नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। आपके विरोधी आपका सामना नहीं कर पाएंगे। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कर्क:** बेकार की बातों पर बहस करके अपनी ऊर्जा बर्बाद न करें। याद रखें कि वाद-विवाद से कुछ हासिल नहीं होता, लेकिन खो जरूर जाता है।

**सिंह:** आज आप दूसरों की मदद के लिए तैयार रहेंगे। धनतेरस के दिन की शुरूआत बेहतर रहेगी। आप जो भी काम आगे रखेंगे, वह आपके लिए शुभ रहेगा।

**कन्या:** आज धनतेरस के दिन आपको धन के क्षेत्र में काफी लाभ मिलेगा। धन-धान्य से भरपूर रहेगा। कला लेखन से जुड़े लोगों को प्रसिद्धि मिलेगी।

**तुला:** आपकी सबसे बड़ी संपत्ति आपकी हंसी की शैली है, विवाद और मतभेदों के कारण घर में कुछ तनावपूर्ण क्षण हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** धनतेरस के दिन आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप परिवार के सदस्यों के साथ मंदिर जा सकते हैं। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

**धनु:** आज पारिवारिक जिम्मेदारियां निभा पाएंगे। भाई-बहनों से संबंधों में मधुरता आएगी। सामाजिक मान सम्मान में वृद्धि होगी।

**मकर:** आपसी संवाद और सहयोग आपके और आपके जीवनसाथी के बीच संबंधों को मजबूत करेगा। प्रतिस्पर्धा के कारण अधिक काम थकाऊ हो सकता है।

**कुंभ:** धनतेरस के दिन कोई रिश्तेदार घर में शुभ समाचार लेकर आएगा। अचानक आपको धन का बड़ा लाभ प्राप्त होगा।

**मीन:** आज किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है जिसकी सोच आपको बहुत प्रभावित करेगी। हर जगह आपकी तारीफ होगी।

## चुटकुले

एक बुढ़िया अम्मा को एक भिखारी मंदिर के बाहर मिला...

भिखारी - भगवान के नाम पर कुछ दे दो मां जी, चार दिन से कुछ नहीं खाया।

बुढ़िया 500 का नोट निकालते हुए बोली - 400 खुले हैं?

भिखारी - हां हैं मां जी।

बुढ़िया - तो उससे कुछ लेकर खा लेना।

---

लड़का-लड़की को अपनी कार में बिठा कर ले जा रहा था।

लड़की- हम कहां जा रहे हैं?

लड़का- लॉन्ग ड्राइव पर।

लड़की वाओ, पहले क्यों नहीं बताया?

लड़का- मुझे खुद अभी पता चला,

लड़की- कैसे?

लड़का ब्रेक नहीं लग रहे।

लड़की के उड़े होश।

## रोचक तथ्यों का करंट

- 259x39xआपकी उम्र = तीन बार आपकी उम्र।
- 2520 ऐसा सबसे छोटा अंक है जो 1 से लेकर 10 तक के सभी अंको से पूरा डिवाइड हो सकता हैं।
- अगर एक जगह पर 23 आदमी खड़े है तो उनमें से 2 का जन्मदिन मिलने की संभावना 50% हैं।
- 21978 को 4 से गुणा करने पर उत्तर इस संख्या का उल्टा 87912 आयेगा।
- स्कूल के समय में 74% लड़कियाँ विज्ञान, तकनीकी इंजीनियर और गणित में अपनी रूचि दिखाती है लेकिन कॉलेज के टाइम पर सिर्फ 0.4% लड़कियाँ ही कंप्यूटर लेती हैं।
- जीरो (0) अकेला ऐसा अंक है जिसे हम रोमन में नहीं लिख सकते। जीरो एक सम संख्या हैं।
- 555 को थाईलैंड में 'हाहाहा' के तौर पर प्रयोग किया जाता है क्योंकि 'फाइव' का उच्चारण वहां 'हा' होता हैं।
- झींगे का खून किसी भी रंग का नहीं होता पर जब खून बाहर निकलता है तो ऑक्सीजन गैस के साथ मिलकर नीले रंग में परिवर्तित हो जाता हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# 'रूस, भारत और चीन की तिकड़ी अभी भी अस्तित्व में', ब्रिक्स समिट से पहले रूसी विदेश मंत्री लावरोव बोले

**मॉस्को ।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस-भारत और चीन यानी आरआईसी तिकड़ी के अस्तित्व की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि कई परिस्थितियों के कारण समूह की कुछ समय से बैठक नहीं हो पा रही है। इसके बावजूद त्रोइका एक स्वतंत्र प्रणाली बनी हुई है।



### पीएम मोदी कल जाएंगे रूस

लावरोव ने यह बात एक समाचार आउटलेट को दिए इंटरव्यू में कही। इसे रूसी विदेश मंत्रालय ने साझा भी किया है। गौरतलब है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22-23 अक्तूबर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए रूस का दौरा करेंगे। बता दें कि इस बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन रूस के कजान में किया जा रहा है। इस दौरे के दौरान पीएम मोदी ब्रिक्स सदस्यीय देशों के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। पीएम मोदी इससे पहले जुलाई में भी रूस का दौरा कर चुके हैं।

इंटरव्यू के दौरान रूसी विदेश मंत्री ने कहा, 'ब्रिक्स वैश्विक अर्थव्यवस्था में लंबे समय से चल रहे बदलावों का प्रतीक है। आर्थिक विकास के नए केंद्र उभर रहे हैं और उनके साथ-साथ वित्तीय प्रभाव भी हो रहा है, जो बदले में राजनीतिक प्रभाव लाता है। एक साल से अधिक समय से और वास्तव में कई दशकों से, वैश्विक विकास का केंद्र यूरो-अटलांटिक क्षेत्र से यूरेशिया और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में स्थानांतरित हो रहा है। इस प्रवृत्ति को सबसे पहले एक निजी पश्चिमी बैंक के अर्थशास्त्रियों ने देखा, जिसने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं की पहचान की। ब्रिक्स शब्द इस अध्ययन से उत्पन्न हुआ है, जो पूरी तरह से वस्तुनिष्ठ सांख्यिकीय डेटा पर आधारित है।'

उन्होंने आगे कहा, 'यही वह समय था जब ब्रिक्स ने आकार लेना शुरू किया। 1990 के दशक में येवगेनी प्रिमाकोव द्वारा शुरू की गई प्रक्रिया को पूरा किया। उन्होंने रूस-भारत-चीन (आरआईसी) त्रोइका के ढांचे के भीतर नियमित बैठकें आयोजित करने की पहल का प्रस्ताव रखा। यह तिकड़ी अभी भी अस्तित्व में है। हालांकि महामारी और अन्य परिस्थितियों के कारण कुछ समय से बैठकें नहीं हुई हैं, लेकिन यह एक स्वतंत्र प्रणाली के रूप में कायम है।'

ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के जुड़ने पर विदेश मंत्री ने कहा, 'आरआईसी में ब्राजील के जुड़ने के बाद यह ब्रिक (बीआरआईसी) में बदल गया। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के साथ आने पर यह ब्रिक्स हो गया। तब से ब्रिक्स ने अपने राष्ट्रों की जरूरतों को प्राथमिकता दी है और समूह में रुचि लगातार बढ़ रही है। यह एक संघ है, जहां कोई भी देश नेतृत्व नहीं करता।

लावरोव ने अपने सदस्य देशों की सामूहिक क्षमता को बढ़ाने और पारस्परिक लाभ के लिए इस क्षमता का दोहन करने के लिए सहयोगी रणनीति बनाने के लिए ब्रिक्स के समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स अपने देशों की संयुक्त क्षमता को बढ़ाने और पारस्परिक लाभ के लिए इन क्षमताओं का उपयोग करने के लिए सहयोगी रणनीति तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### ब्रिक्स बनने पर क्या बोले मंत्री

ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के जुड़ने पर विदेश मंत्री ने कहा, 'आरआईसी में ब्राजील के जुड़ने के बाद यह ब्रिक (बीआरआईसी) में बदल गया। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के साथ आने पर यह ब्रिक्स हो गया। तब से ब्रिक्स ने अपने राष्ट्रों की जरूरतों को प्राथमिकता दी है और समूह में रुचि लगातार बढ़ रही है। यह एक संघ है, जहां कोई भी देश नेतृत्व नहीं करता।

# कनाडा सुरक्षा खुफिया सेवा के लिए काम करते हैं कई खालिस्तान समर्थक चरमपंथी

## राजदूत संजय वर्मा का आरोप

**नई दिल्ली ।** भारत और कनाडा के तनाव भरे रिश्ते के बीच कनाडा में वापस बुलाए गए भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने आरोप लगाया कि खालिस्तानी चरमपंथी और आतंकवादी कनाडा सुरक्षा खुफिया सेवा (सीएसआईएस) के जासूस हैं। सीटीवी न्यूज को दिए गए साक्षात्कार में राजदूत संजय कुमार वर्मा ने कनाडा सरकार पर खालिस्तानी चरमपंथियों को प्रोत्साहित करने का भी आरोप लगाया है।



### 'खालिस्तानी चरमपंथियों को किया जा रहा प्रोत्साहित'

भारतीय राजदूत ने कहा, खालिस्तानी चरमपंथियों को हर समय प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह मेरा आरोप है, मैं यह भी जानता हूं कि इनमें से कुछ खालिस्तानी चरमपंथी और आतंकवादी सीएसआईएस के जासूस हैं, मैं फिर से कोई सबूत नहीं दे रहा हूं। संजय कुमार वर्मा ने आगे कहा कि कनाडा सरकार को हमारी मुख्य चिंताओं को गंभीरता से लेना चाहिए।

उन्होंने कहा, हम केवल इतना चाहते हैं कि वर्तमान कनाडाई शासन, वर्तमान सरकार हमारी मुख्य चिंताओं को ईमानदारी से समझे, न कि उन लोगों के साथ मिलकर काम करे जो भारतीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। भारत में क्या होता है, यह भारतीय नागरिकों की तरफ से तय किया जाएगा।

# गाजा के सबसे खूंखार शख्स सिनवार की पत्नी की आलीशान जिंदगी देख चौंक जाएंगे, जानें अब क्यों चर्चा में आई

**गाजा ।** इस्राइल-हमास युद्ध की वजह से फलस्तीन का गाजा शहर मलबों के ढेर में तब्दील हो गया है। पिछले एक साल से जारी जंग फिलहाल थमी नहीं है। इस्राइल ने हमास को पूरी तरह से खत्म करने की कसम खाई है। उसने सात अक्तूबर हुए हमले के मास्टरमाइंड यानी हमास प्रमुख याह्या सिनवार को पिछले सप्ताह मार गिराया था। उनकी मौत की पुष्टि के बाद इस्राइल ने सिनवार से जुड़ा एक वीडियो साझा किया है। इसके साथ ही उनकी पत्नी समर अबू मोहम्मद जमार भी सुर्खियों में आ गईं।



### एक सुरंग का वीडियो हो रहा वायरल

दरअसल, पिछले साल अक्तूबर में जब हमास ने हमला किया था तो उसने इस्राइल के कई लोगों को बंधक बनाया लिया था। इन्हें अंधेरी सुरंग में रखा गया। अब हाल ही में एक सुरंग का वीडियो इस्राइल रक्षा बलों ने जारी किया। इसमें एक शख्स कहीं से अचानक निकलता दिख रहा। ये शख्स कोई और नहीं बल्कि हमास प्रमुख याह्या सिनवार था। इस्राइली सेना को मिला यह वीडियो आतंकी समूह हमास के नए सरगना याह्या सिनवार के आखिरी निशानियों में से एक है। सिनवार ही वह शख्स था, जिसने सात अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हमले का आदेश दिया था।

इसमें 1,200 लोगों की हत्या की गई थी। इस नरसंहार के बाद इस्राइली रक्षा बलों के लिए उसे ढूंढना मुश्किल हो गया था, लेकिन वह इस्राइल के लक्ष्य पर था।


### हमले से कुछ घंटे पहले का वीडियो

सिनवार से जुड़ा वीडियो छह अक्तूबर यानी हमले से कुछ घंटे पहले का था। जहां उसे अपनी पत्नी और बच्चों के साथ एक संकरे सुरंग में टेलीविजन, पानी, तकिए और गद्दे सहित सामान ले जाते हुए देखा गया था। याह्या सिनवार से 18 साल छोटी समर अबू जमार ने अपनी निजी जिंदगी को दुनिया से छिपाए रखा था।

# चुनावी अभियान के बीच ट्रंप ने भारतीय जोड़े को परोसा खाना, जानें क्या आई प्रतिक्रिया

## सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो को अबतक 40 लाख लोग देख चुके हैं

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में जैसे-जैसे चुनाव की तारीख पास आ रही है, वैसै-वैसे चुनावी तरकीबे भी अपनाई जा रही है। इस कड़ी में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने पेन्सिलवेनिया में कुछ अलग तरीके से चुनाव प्रचार किया। दरअसल, ट्रंप को यहां मैकडोनाल्ड में काम करते हुए देखा गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



### कब होगा चुनाव?

गौरतलब है, यहां पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। इसके बाद ये तय हो जाएगा की अमेरिका का अगला राष्ट्रपति कौन होगा। चुनाव को लेकर जोरो-शोरों से तैयारियां हो रही हैं। रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। जबकि डेमोक्रेट्स ने कमला हैरिस को मैदान में उतारा है।

शर्ट और टाई के ऊपर एप्रन पहने ट्रंप ने फ्राइज बनाने के साथ-साथ मैकडोनाल्ड के कर्मचारियों से बातचीत की। इस दौरान ट्रंप ने कहा, वास्तव में, इसे सही तरीके से और तेजी से करने के लिए बहुत विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। मुझे यह काम पसंद है। उन्होंने लोगों को खाना भी परोसा। वहीं, वह एक भारतीय शख्स से बात करते दिखे, जो रिपब्लिकन उम्मीदवार की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाया और उनके फिर से राष्ट्रपति बनने की इच्छा जाहिर की। इतना ही नहीं, ट्रंप डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस का मजाक भी उड़ाते नजर आए।

**ट्रंप ने फ्राइज बनाने के साथ-साथ मैकडोनाल्ड के कर्मचारियों से बातचीत की**

दरअसल, मीडिया रिपोर्ट की माने तो चुनावी सरगर्मियों के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने मैकडोनाल्ड का दौरा कर कमला हैरिस के कॉलेज के दिनों में फास्ट-फूड चेन में काम करने के बयान का जवाब दिया है। उन्होंने कहा, 'मैंने मैकडोनाल्ड में हैरिस से 15 मिनट ज्यादा काम किया।' दरअसल, कमला हैरिस ने बताया था कि जब वो स्टूडेंट थीं तो उन्होंने अमेरिका के एक मैकडोनाल्ड में काम किया था। इसी बात पर ट्रंप ने उनपर पलटवार किया।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो को अबतक 40 लाख लोग देख चुके हैं। इसमें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक एप्रन पहने दिख रहे। जबकि दूसरी ओर तेल में आलू उबलते देखे गए। कुछ सेकंड बाद ही खिड़की के बाहर एक कार आकर खड़ी हुई, जिसमें एक भारतीय शख्स महिला के साथ बैठा हुआ था। ट्रंप ने तुरंत खाने का पैकेट उठाया और उन्हें देने लगे।

# शहबाज सरकार की न्यायालयों पर कब्जे की तैयारी पूरी विवादित संविधान संशोधन को संसद की मंजूरी मिली

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में अब मुख्य न्यायाधीश का कार्यकाल तीन साल का होगा। जबकि न्यायाधीशों की नियुक्ति 12 सदस्यीय आयोग करेगा। रविवार रात भर चली बहस के बाद अब नेशनल असेंबली यानी संसद में सोमवार को 26वां संविधान संशोधन पारित हो गया। इससे एक दिन पहले सीनेट में विधेयक पारित किया गया था।



गौरतलब है, 336 सदस्यों वाली ह्यनेशनल असेंबलीह्ल में मतदान के दौरान 225 सदस्यों ने विधेयक का समर्थन किया। संशोधन पारित करने के लिए सरकार को 224 मतों की आवश्यकता थी। संशोधन को मंजूरी देने के लिए दो-तिहाई बहुमत आवश्यक होता है और सीनेट में रविवार को संशोधन को मंजूरी देने के लिए चार के मुकाबले 65 वोट पड़े। सत्तारूढ़ गठबंधन को संसद के ऊपरी सदन में 64 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी।

### अब राष्ट्रपति पर नजर

संसद के दोनों सदनों में विधेयक के पारित होने के बाद इसे संविधान के अनुच्छेद-75 के तहत राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगियों के बीच आम सहमति से रविवार को कैबिनेट से अनुमोदन मिलने के बाद विधेयक को कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने संसद में पेश किया था। उन्होंने कहा था, 'मैं पाकिस्तान इस्लामी गणराज्य के संविधान में और संशोधन करने के लिए 26वां संविधान संशोधन विधेयक 2024 पेश करना चाहता हूं।' इस पर सीनेट के अध्यक्ष यूसुफ रजा गिलानी ने सदन से पूछा था कि क्या इसका विरोध है? इस पर उन्हें सीनेट सदस्यों से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली थी।

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल के पांच सीनेटर और बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) के दो सांसदों ने भी विधेयक के पक्ष में मतदान किया। विधेयक में मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए 12 सदस्यीय आयोग गठित करने का प्रस्ताव है, जिनकी नियुक्ति तीन वर्ष के लिए होगी।

### शरीफ ने जरदारी से की मुलाकात

कैबिनेट बैठक से पहले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन पर विस्तृत चर्चा के लिए राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात कर उन्हें जानकारी दी और उनसे सलाह ली। सीनेट सत्र की शुरूआत से पहले कानून मंत्री तरार ने कहा था कि ह्यनए चेहरेह्ल वाले आयोग में मुख्य न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीश, दो सीनेटर और नेशनल असेंबली के दो सदस्य (एमएनए) शामिल होंगे। सीनेटर और नेशनल असेंबली के दो-दो सदस्यों में से एक विपक्षी दल से होगा।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता अली जफर ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के सांसदों को विधेयक के पक्ष में वोट देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के सीनेटर गैरमौजूद थे ।

# डॉलर संकट से जूझ रहे मालदीव ने निकाला तोड़, अब स्थानीय मुद्रा में ही होगा लेन देन; लागू हुए नए नियम

**माले ।** डॉलर संकट से जूझ रहे मालदीव ने नया विदेशी मुद्रा विनियमन लागू किया है। इसके तहत मालदीव में स्थानीय मुद्रा में ही लेनदेन करना होगा। विदेशी मुद्रा में लेनदेन निर्यात जैसी कुछ सेवाओं तक सीमित होगा।



पर्यटन प्रतिष्ठानों व बैंकों पर अनिवार्य विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण लगाया गया है। बता दें कि मालदीव के केंद्रीय बैंक मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण (एमएमए) ने विदेशी मुद्रा भंडार के आयात बिल से मेल न खाने के कारण एक अक्तूबर को एक नया विनियमन पेश किया।

### भारत विरोधी अभियान का भुगत रहे खामियाजा

पिछले साल राष्ट्रपति मो. मुइज्जू ने इंडिया आउट अभियान चलाया था। इसी के दम पर वह सत्ता भी हासिल कर सके थे। इसके जवाब में भारतीय पर्यटकों ने इस द्वीपीय राष्ट्र से दूरी बना ली। इसके बाद संकट और बढ़ गया।

### मालदीव में भारतीय यूपीआई

मालदीव के लोग अब भारतीय यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल कर सकेंगे। जिसके लिए समझौते के दौ महीने के बाद मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने रविवार को कैबिनेट की सिफारिश के बाद द्वीप राष्ट्र में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (वढक) शुरू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का फैसला किया।

राष्ट्रपति मुइज्जू के कार्यालय के द्वारा जारी बयान के अनुसार कैबिनेट के इस फैसले से मालदीव की अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है। जिसमें मुख्य रूप से वित्तीय समावेशन में वृद्धि और डिजिटल बुनियादी ढांचे में वृद्धि शामिल है।

यूपीआई को लागू करने के फैसले के बाद राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव में यूपीआई शुरू करने के लिए एक एजेंसी स्थापित करने का भी फैसला किया और आगे सुझाव दिया कि देश में काम कर रहे बैंकों, दूरसंचार कंपनियों, राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों और फिनटेक कंपनियों को संघ में शामिल किया जाना चाहिए। बयान में कहा गया है।

# कमला हैरिस को वोट देने से हिचकिचा रहे भारतीय अमेरिकी

## समुदाय के डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े नेता का दावा

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी गलियारों में हलचल मची हुई है। डेमोक्रेटिक की ओर से कमला हैरिस और रिपब्लिकन ने डोनाल्ड ट्रंप को चुनावी मैदान में उतारा है। दोनों ही जीत के लिए अपनी पुरजोर ताकत लगा रहे हैं। इस बीच भारतीय अमेरिकी नेता स्वदेश चटर्जी ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि समुदाय उपराष्ट्रपति को वोट देने से हिचक रहा है। साथ ही उन्होंने इसके पीछे की वजह बताते हुए कहा कि हैरिस अपनी पिछली भूमिकाओं यानी कैलिफोर्निया की सीनेटर या अटॉर्नी जनरल के रूप में समुदाय के बीच कोई आधार विकसित नहीं कर सकीं।



### 'इंडियन अमेरिकन्स फॉर हैरिस' समूह के नेता का दावा

साल 2001 में पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय-अमेरिकी समुदाय के डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े नेता ने 'इंडियन अमेरिकन्स फॉर हैरिस' नाम से एक समूह बनाया है। वह न केवल उत्तरी कैरोलिना राज्य में, जहां हैरिस रहती हैं, उनके लिए प्रचार कर रहे हैं, बल्कि अन्य महत्वपूर्ण राज्यों में भी उपराष्ट्रपति के लिए समर्थन जुटा रहे हैं।

चटर्जी ने स्वीकार किया कि समुदाय उन्हें भारी मत देने में हिचकिचा रहा है, क्योंकि वे उन्हें अच्छी तरह से नहीं जानते हैं। उन्होंने कहा कि कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल के रूप में हैरिस ने भारतीय अमेरिकी आधार का निर्माण नहीं किया और सीनेटर के रूप में वह किसी भी सामुदायिक बैठक या उनके किसी भी कार्यक्रम का हिस्सा नहीं थीं। उन्होंने कहा कि यह प्रतिक्रिया भारतीय अमेरिकियों और उनकी टीम को मिली जानकारी पर आधारित है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह एक चुनौती हो सकती है। हालांकि वे (हैरिस अभियान) इसका समाधान करने की कोशिश कर रहे हैं। वे अच्छी तरह जानते थे कि कमला को एशियाई अमेरिकी और दक्षिण एशियाई समुदाय दोनों से ही वफादारी नहीं मिली है।

### समुदाय पूरी तरह बंटा हुआ

भारतीय-अमेरिकी नेता ने कहा कि समुदाय पूरी तरह बंटा हुआ है। भारतीय अमेरिकी जो थोड़े समृद्ध हैं, उन्हें लगता है कि (रिपब्लिकन उम्मीदवार) डोनाल्ड ट्रंप टैक्स कम करेंगे।

# इस्राइल ने बेरूत में दागी मिसाइलें, हिजबुल्ला के वित्तीय ढांचे खत्म करने के लिए बैंकों को किया तबाह

**यरुशलम ।** बीते एक साल से ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच जंग जारी हैं। वहीं, इस युद्ध की लपटें अब लेबनान और ईरान तक पहुंच चुकी हैं। इस बीच, इस्राइल ने रविवार को एलान किया था कि वह अब लेबनान स्थित हिजबुल्ला के वित्तीय ढांचे पर हमला करेगा और जल्द ही बेरूत सहित लेबनान के विभिन्न हिस्सों में कई लक्ष्यों को निशाना बनाएगा। आखिरकार ऐसा ही हुआ। इस्राइल ने बेरूत और दक्षिणी लेबनान में मिसाइल हमले कर बैंकों को तबाह कर दिया। इस्राइली रक्षा बलों का मानना है कि यह बैंक हिजबुल्ला की मदद कर रही थीं।



**उत्तरी गाजा की स्थिति गंभीर**

इससे पहले रविवार को इस्राइल ने उत्तरी गाजा में बेत लाहिया पर हमला बोला, जिसमें 73 लोग मारे गए। वहीं, कई और लोगों के मलबे के नीचे फंसे होने की आशंका है। गाजा के सरकारी मीडिया कार्यालय का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। बचाव अभियान चल रहा है।

उत्तरी गाजा में 16 दिनों से जारी इस्राइली सैन्य घेराबंदी के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस क्षेत्र में भोजन, पानी, दवा समेत अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच बंद कर दी गई है। आईडीएफ ने उत्तरी गाजा में हाल के हमले में जान गंवाने वालों के आंकड़ों पर संदेह जताया है। ऑक्सम एक गैर सरकारी संगठन ने दक्षिण गाजा में एक हमले की सूचना दी।

इस हमले में खान यूनिस के पास चार इंजीनियरों और श्रमिकों की मौत हो गई।

इससे पहले, इस्राइल ने यहूदी राज्य के उत्तरी क्षेत्र में लेबनानी सशस्त्र समूह द्वारा दागे गए कई रॉकेट बैराजों के जवाब में लेबनान के बेरूत में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइल की पैदल सेना ने लेबनान में ऑपरेशन को अंजाम दिया है।

**बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर हुआ था हमला :** इससे पहले इस्राइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाते हुए लेबनान के बेरूत में कई रॉकेट दागे।

हाल ही में हिजबुल्ला ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर ड्रोन हमला किया। इसके बदले नेतन्याहू ने चेतावनी दी थी ।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक–035/निर्माण/2024–25 दिनांक– 21.10.2024

**ई–टेण्डर निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य हेतु अति अल्पकालीन ई–निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हें दिनांक 28.10.2024 को अपरान्हः 03:00 बजे तक वेबसाईट से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को 28.10.2024 को सायं 04:00 बजे से खोला जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु उसके सम्मुख अंकित 03 प्रतिशत की धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर जमा करना अनिवार्य होगा। ऐसे निविदादाता/फर्म जो नगर निगम गाजियाबाद में पंजीकृत नहीं है, के लिए शासनादेश संख्या–3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा जी.एस.टी. नम्बर वेबसाईट पर आपलोड करना आवश्यक होगा। विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्ते http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
गाजियाबाद नगर निगम

# गाजियाबाद : नमो भारत ट्रेन में केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने किया सफर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने सोमवार को गाजियाबाद में देश की पहली सेमी हाईस्पीड 'नमो भारत ट्रेन' में सफर किया। इस दौरान ट्रेन करीब 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से दौड़ी। दरअसल, आज इस ट्रेन को शुरू हुए पूरा एक साल हो गया। इस उपलक्ष्य में केंद्रीय मंत्री ने ट्रेन में सफर करके इस पूरे प्रोजेक्ट को जाना। इससे पहले मंत्री ने दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर पहुंचकर निर्माण कार्यों को देखा।

गाजियाबाद से दिल्ली की तरफ चलने पर अगला स्टेशन आनंद विहार ही पड़ेगा। मंत्री ने यहां पर काम कर रहे श्रमिकों से भी बातचीत की। इसके बाद वे साहिबाबाद



फ्फ्ळर स्टेशन पर पहुंचे और नमो भारत ट्रेन में सवार हुए। वे इस ट्रेन से दुहाई तक गए और वापस लौटे। इस दौरान उन्होंने केबिन में जाकर लोको पायलट से बातचीत की और उसके संचालन का काम देखा।

'सराय काले खां से पानीपत और धारूहेड़ा प्रोजेक्ट पाइप लाइन में' पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा- इस प्रोजेक्ट से पैसेंजर को बड़ी सुविधा मिली है। इसमें टाइम बचता है। इसकी हवाई जहाज जैसी जर्नी है। आज इसकी एक साल की यात्रा पूरी हुई है। मैं उम्मीद करता हूं कि अगले साल में जो काम होने हैं, वो तेजी से आगे बढ़ें।

मंत्री ने कहा- रैपिड रेल का पहला रूट सराय काले खां से मेरठ तक है, जो अगले साल पूरी तरह तैयार हो जाएगा। दूसरा रूट दिल्ली में सराय काले खां से पानीपत तक है, जो बाद में करनाल तक बढ़ाया जाना है। तीसरा रूट सराय काले खां से धारूहेड़ा तक है। ये सभी प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। जल्द ही इन सभी पर काम शुरू हो जाएगा। इसके बाद ठउफ से लोगों की कनेक्टिविटी जुड़ जाएगी।

### अभी 42 किलोमीटर में हो रहा संचालन

**करंट क्राइम।** दरअसल, 20 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजियाबाद में नमो भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई थी। पहले फेज में इसका संचालन साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच (17 किलोमीटर दूरी) हुआ। इसके बाद 6 मार्च 2024 को इसे दुहाई से आगे बढ़ाते हुए मोदीनगर नॉर्थ तक ले जाया गया। फिर 18 अगस्त 2024 को इसका संचालन मोदीनगर नॉर्थ से आगे बढ़ाकर मेरठ साउथ तक कर दिया गया। अब कुल 42 किलोमीटर में गाजियाबाद के साहिबाबाद से मेरठ साउथ स्टेशन तक नमो भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं।

# गाजियाबाद के नरेंद्र सिंह रावत बने अध्यक्ष

## उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी संघ के लखनऊ में चुनाव संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी संघ के लखनऊ में हुए अधिवेशन में गाजियाबाद के नरेन्द्र सिंह रावत को अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद पर गाजियाबाद के नरेंद्र सिंह रावत में कानपुर के संजय तिवारी को हराया। लखनऊ के सुरेश सिंह यादव महामंत्री पद पर निर्वाचित हुए। सोमवार को जीत के बाद गाजियाबाद आने पर कर्मचारियों ने फूलमाला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर गाजियाबाद दिनेश कुमार मिश्रा ने नरेंद्र रावत को फूलमाला पहनाकर बधाई दी। अध्यक्ष चुने गए नरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि हमारे साथी कर्मचारियों ने अपना कीमती वोट देकर मुझे जितवाया है। मैं उनका धन्यवाद देता हूं। प्रदेश के हर जनपद के कर्मचारियों के लिए कार्य किया जाएगा। इस मौके पर जोन अध्यक्ष राजकुमार सिंह, संरक्षक जोगेंद्र भाटी, भैया लाल, गोविन्द सिंह, तरसेम लाल, अनीता देवी व अन्य मौजूद रहे।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल बास्केटबॉल का नेशनल चैम्पियन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद ने रविवार को सी०बी०एस०ई० नेशनल बास्केटबॉल चैम्पियनशिप जीत कर एक नया इतिहास रच दिया। नेशनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आगरा में 4 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक किया गया। जिसमें सी०बी०एस०ई० जोनल के विजेताओं व उपविजेताओं, देश-विदेश के 23 स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें मध्य एशिया के 6 देश दुबई, कतर, दोहा, सउदी अरब व ओमान की टीम भी शामिल थो। नेहरु वर्ल्ड स्कूल की टीम ने पूल मैचों में डी०पी०एस० मॉर्डन स्कूल कतरए प्रिंस एजूकेशन जयप्र, माउंट इंडेक्स स्कूल, इंदोर एवं आर्मी पब्लिक स्कूल कानपुर को मात देते हुए क्वॉटर फाइनल में जगह बनाई। जिसमें केरल के कारमेल पब्लिक स्कूल को 58.34 के बडे अन्तर से हराया। सेमी फाइनल मैच में हरियाणा के ऋषिकुल विद्यालय को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच 20 अक्टूबर 2024 की सुबह खेला गया जिसमें डी०पी०एस० बगलोर की टीम से सामना हुआ। कॉटे की टक्कर में नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने फाइनल मैच जीतकर नेशनल बास्केटबॉल चैम्पियनशिप की टाफी अपने नाम की। स्कूल की एग्जीक्यूटिव हैड सुसन होम्स ने इस ऐतिहासिक पल के लिए टीम के कठिन परिश्रम, समर्पण की प्रशंसा की। डायरेक्टर डा० अरुणाभ सिंह ने कहा कि सफलता कभी एक दिन में नहीं मिलती, कठिन परिश्रम व संयम की आवश्यकता होती है।

# निशुल्क अंतिम संस्कार वाहन का किया लोकार्पण

## लावारिस व्यक्तियों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था करना प्रेरणास्पद कार्य : संजीव शर्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में श्री राम श्याम हनुमान मंदिर बाग भटियारी बीकानेर के पीछे चौधरी मोड़ पर श्री श्याम सेवा समिति चेरिटेबल ट्रस्ट पंजीयन द्वारा निशुल्क अंतिम यात्रा निशुल्क का शुभारंभ किया। गाजियाबाद के जीवित लोगों का तो सभी ध्यान रखते हैं, वाहन खरीदते हैं। लेकिन, पहली बार मृत लोगों के लिए वाहन बनाया गया है, जो दुख के समय में शोक संतप्त परिजनों की पीड़ा को कुछ कम कर सकेगा। श्री श्याम सेवा संस्थान की ओर से तैयार कराए गए वाहन का लोकार्पण कार्यक्रम में अतिथियों ने यह बात कही। 24 घंटे वाहन की सेवा मिलेगी।सोमवार को श्री श्याम सेवा समिति चेरिटेबल ट्रस्ट (पंजी) द्वारा निःशुल्क अंतिम यात्रा वाहन का श्री पंच दसनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत मंडल





के अध्यक्ष, दूधेश्वर पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्रीमहंत ने ट्रस्ट के सभी सदस्यों को इस नेक एवं पुनीत कार्य के लिए साधुवाद किया तथा भविष्य में जनमानस की सेवा करने का आशीर्वाद दिया। इससे अतिथियों ने भजनों का आनन्द लिया। कार्यक्रम के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनेक सन्त-महात्माओं तथा नगर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में संजीव शर्मा बीजेपी महानगर अध्यक्ष ने कहा कि लावारिस व्यक्ति के अंतिम संस्कार में संस्थान की ओर से पूरा सहयोग किया जाता है, जो वास्तव में प्रेरणास्पद ही कहा जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष महंत विजय गिरि जी महाराज ने बताया कि शव वाहन का निर्माण कराया गया है। वाहनों की सेवा पर फोन करके 8799757800 निशुल्क प्राप्त की जा सकती है। इस मौके पर दूधेश्वर नाथ मंदिर के श्रीमहंत नारायण गुरु जी महाराज, भाजपा नेता अशोक गोयल, अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, अशोक राणा, पार्षद राकेश गोसाई, ओम भाई, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद राजकुमार, धीरेंद्र बिल्लू पार्षद, पूर्व पार्षद साक्षी नारंग, शीतल चौधरी पार्षद, हिमांशु पाराशर, अजय चोपड़ा, रमेश मंगल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शहीद हुए पुलिसकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

## हापुड़ एसपी बोले: शहीद पुलिसकर्मियों का बलिदान हमेशा रखा जाएगा याद





**हापुड़।** हापुड़ में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर एसपी और अन्य अधिकारियों ने नम आंखों से शहीद पुलिस कर्मियों को याद किया। एसपी ने कहा कि इन वीर पुलिस कर्मियों का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा।

हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 1959 में हुई थी, जब भारतीय पुलिसकर्मी चीन की सीमा पर गश्त कर रहे थे, और चीनी सैनिकों ने उन पर हमला कर दिया था। इस हमले में कई पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे, और तब से यह दिन उनकी याद में मनाया जाता है।

### ड्यूटी पूरी मुस्तैदी के साथ निभाने का संकल्प भी लिया

एसपी ने इस अवसर पर डीजीपी का शोक संदेश पढ़कर सुनाया और कहा कि देश और प्रदेश की सुरक्षा में अपनी जान देने वाले पुलिस कर्मियों का बलिदान हमेशा सम्मान के साथ याद रखा जाएगा। साथ ही, पुलिस कर्मियों ने अपनी ड्यूटी पूरी मुस्तैदी के साथ निभाने का संकल्प भी लिया।

इस मौके पर एएसपी विनीत भटनागर, सीओ जितेंद्र शर्मा, सीओ वरुण मिश्र, सीओ स्तुति सिंह और नगर कोतवाली प्रभारी मुनीश प्रताप सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब ने दिवाली उत्सव 'जश्न-ए-दिवाली' का किया आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली शाहदरा द्वारा रोटेरियन सीए सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित दिवाली उत्सव पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई, क्लब की प्रथम महिला रोटेरियन अर्चना अग्रवाल के सहयोग से, 18 अक्टूबर को हमारे क्लब रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली शाहदरा द्वारा जश्न-ए-दिवाली का आयोजन किया गया।





हमने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन प्रशांत राज शर्मा, एजी रोटेरियन अनुज गर्ग, आईपीडीजी रोटेरियन प्रियतोष गुप्ता और सभी डिस्ट्रिक्ट अधिकारियों और अन्य क्लब अधिकारियों का सम्मान और स्वागत किया, जिनकी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम वास्मे हाउस (लॉन) सेक्टर 16, फिल्म सिटी, नोएडा में आयोजित किया गया। इवेंट चेयरपर्सन के रूप में रोटेरियन दीपक अग्रवाल, रोटेरियन हिमांशु अग्रवाल, रोटेरियन मुकेश सिंघल, रोटेरियन हिमांशु वर्मा, रोटेरियन हरीश मल्होत्रा के समर्थन और योगदान के लिए धन्यवाद और हम इस सफल आयोजन के लिए अथक और समय पर समर्थन के लिए रोटेरियन एडवोकेट पंकज वालिया और रोटेरियन धीरज वर्मा का उल्लेख करना कैसे भूल सकते हैं। क्लब के अध्यक्ष ने कहा कि जब हम उत्सव की इस भावना में एक साथ आते हैं, तो आइए हम अपनी साझा नीतियों और रोटेरियन के रूप में हमारे द्वारा किए गए अल्प परिश्रम पर विचार करने के लिए एक पल लें।





- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधानसभा चुनाव लड़ने की क्रान्तिकारी हुंकार भरने वाले डॉ उपाध्याय जी के शब्द अब पहले की तरह नहीं रहे हैं हार्ड? दे दिया है उन्होंने संदेश कि अगर भाजपा ने लड़ाया किसी कार्यकर्ता को टिकट? तो वो नहीं लड़ेंगे उसके सामने चुनाव? ठाकुर चेहरे के नाम पर वो नहीं कर रहे हैं गुड फील? कह रहे हैं अगर ऐसा हुआ तो फिर जारी रहेगी हमारी चुनाव लड़ने वाली डील? कमांडर और मिस्टर एम से नहीं है हमें कोई परेशानी? दोनों पुराने कार्यकर्ता हैं, इन्हीं की बननी चाहिए कहानी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप देख रहे हैं बहुत दिनों से क्रान्तिकारी त्यागी जी का साईलेंट चल रहा है रोल? हमें पता चली है अंदर से बात कि भगवा कमांडर ने किया हुआ है इस क्रान्तिवीर को कंट्रोल? कह दिया है कि तुमसे हम करना चाहते हैं इतना ही स्पष्ट? जुबान को सिल लो, नहीं तो होगा हमको कष्ट? सुना है क्रान्तिकारी त्यागी जी ने भी कर दिया है उन्हें एक बात के लिए आश्वस्त? कह दिया है जुबान तो हमने सिल ली है? मगर हम आपको बताना चाहते हैं एक और बात? जब आपका टिकट होगा तो हम लेकर आयेंगे अपनी टीम आपको लड़वाने के लिए? प्लीज उसमें कोई हस्तक्षेप मत करना आप?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज हो सकता है टिकट और मैं चाहता हूं आप मेरी एक बात पर करें ट्रस्ट? मुझे अंदर से पता चली है बात, वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब का नहीं है विधानसभा उपचुनाव लड़ने के लिए कोई इंट्रस्ट? चलाने वाले उनकी मजबूती पर ही चला रहे हैं उनका नाम? जब कि वो तो पहले से ही अपना 'ना' वाला इंट्रस्ट पार्टी वालों तक पहुंचा चुके हैं श्रीमान? कहने वाले ने कहा ठाकुर साहब का है फिलहाल संगठन को चलाने पर फोकस? इसलिए जिसके दिमाग में उनका टिकट होने की तरंगें दौड़ रही हैं, वो तोड़ दे इस तरह का कोकस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे पूर्व विधायक अमरपाल जी के नियर? हमारी सिटिंग इसीलिए उनके इतने करीब थी क्यों कि हैं हम उनके बहुत ज्यादा डीयर? हमने उनसे पूछा कि विधानसभा उपचुनाव को लेकर बड़ी मजबूत से चल रहा है आपका नाम? क्या हमारी जिज्ञासा को दूर करने के लिए आप देना चाहोगे कोई पैगाम? सुना है उन्होंने सीधी और स्पष्ट कह दी हमसे बात? कहा माहौल बनाने वालो को माहौल बनाने दो? हमारा चुनाव लड़ने का कोई इरादा नहीं है साहब? अगर लड़ना होता हमको इलैक्शन तो, हम हो गये होते अभी तक अपडेट? एक महीना पहले ही हमने डाल दिया होता इलाके में डेरा? टिकट लेकर आयेगा कोई और ही चेहरा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ इसी तरह से पूर्व विधायक मुन्नी जी के नाम का सुनाई दे रहा है चुनाव लड़ने के लिए शोर? कहने वाले ने कहा कि इस बात पर भी करना चाहते हैं हम आपको श्योर? कहने वाले ने कहा मुन्नी जी के दिल में भी नहीं है चुनाव लड़ने को लेकर जज्बात? साईकिल का पैडल मारने का नहीं देख रहे हैं वो कोई ख्वाब? हाथ को भी रखा हुआ है उन्होंने खुद से दूर? अगर होती उनके मन में चुनाव लड़ने की कोई बात? तो फिर भाजपा के बड़े मंत्री के यहां पर वो एक दिन पहले क्या कर रहे थे हुजुर? कहने वाले ने कहा ये तो राजनीति में बड़ा है उनका फेस? इसलिए माहौल बन जाता है कि चुनाव लड़ने के लिए वो तलाश रहे हैं, किसी ना किसी दल में स्पेस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** माना विधानसभा उपचुनाव की भगवा स्टोरी में एस और एम फैक्टर ही रह गया है शेष? हम बताना चाहते हैं ये भगवागढ़ का इलाका है, यहां पर कभी कभी आ जाते हैं चौकांऊ संदेश? कहने वाले ने कहा सिविल वाले चीफ साहब को आप अभी भी दौड़ में मत समझो कमजोर? उनका मामला कहीं पर तो पकड़ा चुका है मजबूत वाली डोर? कहने वाले कह रहे थे हम बैठे थे बड़े नेताओं के पास? वो बोल रहे थे अगर एक महीना पहले चीफ साहब और ज्यादा एक्टिव हो गये होते? तो जितने भी नाम चर्चाओं में हैं, उनका जिक्र भी नहीं होता उनके आस-पास?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक मजबूत दावेदार के खेमे के एक मजबूत नेता ने ये बात बड़े नेता के यहां से आने के बाद कर दी है क्लीयर? दे दिया है अपनों में संदेश, कि गर्ग साहब का तुरूप का इक्का काम कर गय है डीयर? दिखा दिया है उनकी भागदौड़ ने असर? नहीं छोड़ी है उन्होंने अपने खास के लिए कोई कसर? पूरी शिद्दत से निभाया है उन्होंने अपना रोल? मामला तो वो कब का फाईनल करा चुके हैं? फिलहाल तो जो सुनाई दे रहा है वो है धूल में लट्ठ मारने के बाद उठने वाले शोर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको कराना चाहता हूं एक बात का एहसास? जो कर रहे हैं विधानसभा उपचुनाव पर टिकट को लेकर बाहरी फैक्टर वाली दिलजली बात? देखना जैसे ही साहिबाबाद या मुरादनगर वाले का टिकट हो गया? वैसे ही बदल जायेंगे ऐसे चेहरों के जज्बात? सबसे पहले बुके लेकर ये बधाई देने जायेंगे उम्मीदवार के पास? कहने वाले ने कहा ऐसा मैं नहीं कर रहा हूं प्रकट विचार? पार्टी कार्यालय पर चल रही थी ऐसे ही चेहरों की चर्चा? जो निकाल रहे हैं उन दिनों अपने दिलजले विचार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर आपसे नहीं हो रहा है टिकट का इंतजार? तो एक बार आप भगवा खादी वालों से जान लो उनके विचार? हमें पता है वो जल्दी से नहीं देंगे आपको जानकारी? मगर हमें पता है कि टिकट किसका हो चुका है इसके बारे में है उनको पूरी जानकारी? सुना है एक दावेदार का खास उनके यहां करके आया है बहुत सारे कुर्तों की खरीददारी? उसने कहा है इतने सारे कुर्ते इसलिए लिए हैं क्योंकि बहुत सारी शेष बची हैं चुनाव की तैयारी? कहने वाले ने कहा एक बिरादरी वाले पार्षद ने थोक के भाव में किया है कुर्तों का ऑर्डर? आप पता कर सकते हो इस बारे में उनसे बात? मगर कसम काम-धंधे की अपनी पार्टी का नहीं खोलेंगे इतनी आसानी से वो राज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे भगवा रेड फैस मैन के साथ? बहुत दिनों बाद हुई थी उनकी पार्टी कार्यालय पर एन्ट्री? दिल में भरे हुए थे उनके बेशुमार जज्बात? कहने वाले ने उनसे कहा सुना है आप दे रहे हो इन दिनों काफी चेहरों को टिकट होने की बधाई? सुना है ये सुनते ही रेड फैस मैन का चेहरा और ज्यादा रेड देने लगा दिखाई? उन्होंने कर दिया सामने वाले पर अपना रेड अलर्ट जारी? कहा पूरे टिकट वाले सीजन में हमने की है सिर्फ भगवा कमांडर से ही बात? हमें उम्मीद है कि वो ही लड़ने जा रहे हैं चुनाव?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के दोयमी फाटक के पास एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।रविवार की रात को दोयमी फाटक के पास यह हादसा हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान कराने की कोशिश की। पुलिस को पता चला कि मृतक का नाम कपिल शर्मा था। जो ग्राम धनौरा का निवासी था। हादसे की खबर सुनते ही कपिल शर्मा के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। खासकर उनकी पत्नी गीता शर्मा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि कपिल शर्मा अपने परिवार की खेती में मदद करता था। उसके एक पुत्र प्रशांत है, जो विवाहित है और दो पुत्रियां हैं, जो अभी अविवाहित हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।





## चिन्टू जी





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने जनता को शव वाहन समर्पित किया। इस दौरान श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरि ने पटका पहना कर उनका स्वागत किया। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

